
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com



PG-5



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


सिनेमाःआलिया-रणबीर के 'महाकालेश्वर' मंदिर में पूजा न कर पाने से दुखी हैं अयान मुखर्जी

वर्ष -08 अंक -162 | प्रयागराज, शुक्रवार 09, सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में लोगों को मास्क पहनने से मिली आजादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मनीला।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कोरोना वायरस महामारी के दो साल के जोखिम के बाद आखिरकार अब सार्वजनिक जगहों पर मास्?क पहनने की अनिवार्यता समाप्?त कर दी है। बुधवार को संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलीपींस के आंतरिक और स्थानीय सरकार के सचिव




बेनहुर अबालोस ने कहा, दक्षिण पूर्व एशिया में फिलीपींस और म्यांमार ही दो ऐसे देश शेष बचे थे, जहां घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनना जरूरी था। उन्होंने कहा कि मार्कोस जूनियर द्वारा कार्यकारी आदेश जारी करने के बाद ही देश में मास्क पहनने से आजादी की नीति में लाया गया बदलाव प्रभावी होगा।अबालोस कहते हैं कि एक अध्ययन में इस बात का पता चला है कि ऐसे कई देश हैं जहां मास्क से राहत देने के बाद भी संक्रमण के नए मामलों में कोई इजाफा नहीं देखा गया है। हालांकि यहां लोगों ने सावधानी बरतना जारी रखा है।

## कोरोना के मामलों ने फिर बढ़ाई टेंशन 24 घंटे में बढ़ गए 1200 से ज्यादा मरीज 33 की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों में लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय



ने बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 6,614 नए मामले सामने आए हैं। कल यानी 7 सितंबर के मुकाबले गुरुवार को कोरोना के केस में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। कल कोरोना के 5,379 केस दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया की बीते 24 घंटे में कोरोना के 6,614 मरीज ठीक भी हुए हैं। कोरोना के एक्टिव केस लगातार कम हो रहे हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 50,342 हो गई है। देश में अभी एक्टिव केस कुल मामलों का 0.11 फीसद है। रिकवरी रेट 98.7 फीसद है। इसके अलावा डेली पाजिटिविटी रेट 1.96 फीसद जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर 1.88 फीसद हो गई है।बीते 24 घंटे में कोरोना के कारण 33 लोगों की जान भी गई है। मृतकों में सबसे ज्यादा 14 लोग केरल के थे। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कोरोना के अब तक कुल 4 करोड़ 44 लाख 78 लाख 636 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना से अब तक 4 करोड़ 39 लाख 204 लोग ठीक भी हो चुके हैं। वहीं, कोरोना से अब तक कुल 5 लाख 28 हजार 90 लोगों की मौत भी हो चुकी है। कोरोना रोकथाम के लिए टीकाकरण तेजी से किया जा रहा है। देश में अब तक 214 करोड़ से ज्यादा कोरोना की खुराक दी जा चुकी है। 102.51 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग चुकी है। 94 करोड़ से ज्यादा दूसरी डोज दी जा चुकी है। इसके अलावा 17 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रीकाशन वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

## प्रधानमंत्री मोदी सूरत में रक्तदान शिविर का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कीया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में आज कई बड़े घटनाक्रम होने वाले हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी आज सेंट्रल विस्टा एवेन्यू और कर्तव्य पथ का उद्घाटन करेंगे। पीएम इसी के साथ इंडिया



गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आज शाम 7 बजे इंडिया गेट पर 'कार्तव्य पथ' का उद्घाटन करेंगे। कर्तव्य पथ कल से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। दूसरी ओर राहुल गांधी ने आज भारत जोड़ो अभियान के दूसरे दिन कन्याकुमारी से यात्रा की शुरुआत कर दी है। वहीं, आज मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार शिवसेना सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर मुंबई की विशेष अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। और भारतीय सेना ने ओडिशा तट से दूर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल प्रणाली की 6 मिसाइल का सफलतापूर्ण परीक्षण किया है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज टोक्यो में जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमदा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय मामलों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की।

## भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 6,395 नए मामले सामने आए हैं और 6,614 लोग ठीक हुए है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बाइडेन प्रशासन ने पाकिस्तान को वर्तमान और भविष्य के आतंकवाद विरोधी खतरों से निपटने में मदद करने के लिए 45 करोड़ डालर के एफ-16 लड़ाकू विमान बेड़े के रखरखाव कार्यक्रम को मंजूरी





दी है। इससे पहले 2018 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने में विफल रहने के लिए इस्लामाबाद की सुरक्षा सहायता में लगभग 2 बिलियन अमरीकी डालर की कटौती की थी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन कहा कि जैसे अर्जुन द्रौपदी के स्वयंवर के लिए गए तो उनका ध्यान मछली पर केंद्रित था। वैसे ही हमारा भारत जोड़ो यात्रा के सफल समापन को सुनिश्चित करना ही विजन है। जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में आस्ट्रेलिया के पीएम और तीन पूर्व पीएम शामिल होंगे। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जान हावर्ड, टोनी एबॉट और मैल्कम टर्नबुल आस्ट्रेलिया के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे।

## कार्यकाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एजी से कहा, कोर्ट की शक्ति को न आंकें कम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के सबसे बड़े विधि अधिकारी अटार्नी जनरल (एजी) केके वेणुगोपाल से बुधवार को कहा कि सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे पर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच जारी विवाद में उनके सहयोग की जरूरत होगी। जब वेणुगोपाल ने खंडपीठ से कहा कि उनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है तो शीर्ष अदालत ने उनसे कहा, 'आप संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत इस अदालत की शक्तियों को कम न आंकें।' बुधवार को सुनवाई के दौरान शुरुआत में वेणुगोपाल ने जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ से कहा, थोड़ी सी समस्या है। मेरा कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। पीठ संभवतः 11 अक्टूबर को सुनवाई शुरू करेगी। संविधान पीठ में जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा भी शामिल थे। संविधान पीठ अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत की असाधारण शक्तितयों का जिक्र करते हुए शायद यह संकेत देना चाह रही थी कि इस मामले में वेणुगोपाल की सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

## सीएम केसीआर की बेटी ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा सभी महंगी वस्तुओं पर लगाई जाएगी पीएम की तस्वीर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी की एमएलसी और मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के




कविता ने केंद्र सरकार की योजना को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा। के कविता ने बुधवार को निर्मला सीतारमण को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उन आवश्यक वस्तुओं पर लगाई जाएगी, जो खाद्य तेल और दालों की तरह महंगी हो गई हैं। निजामाबाद में लाभार्थियों को सरकार की 'आसरा' सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना वितरित करने के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, कविता ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गरीबों की चिंताओं को दूर करने में विफल रही है। सीतारमण की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रियों की गरु के साथ मैंने आसरा पेंशन लाभार्थियों से मुलाकात की और हमने उनके साथ दोपहर का खाना खाया।' कविता ने कहा कि जब

### निर्मला सीतारमण पर निशाना

**उन्होंने कहा, 'सीतारमण जी, अगर आप चाहती हैं कि प्रधानमंत्री की तस्वीर लगे, तो हम जरूर ऐसा करेंगे। हम तस्वीर को गैस सिलेंडर, यूरिया के पैकेट, पेट्रोल और डीजल पंपों, तेल और दाल के पैकेट पर लगाएंगे। जहां भी दाम बढ़ रहे हैं, हम वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें लगाएंगे। मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी ने ट्वीट किया कि राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से लाभार्थियों को कैसे मदद मिल रही है, यह सुनकर खुशी हो रही है।**

तस्वीरें पहले कभी भी पीडीएस की दुकानों पर नहीं लगाई जाती थीं। बता दें कि निर्मला सीतारमण ने कहा था कि केंद्र की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पीडीएस की दुकानों पर पीएम मोदी के पोस्टर लगाने चाहिए।उन्होंने ट्वीट किया ,'आज निजामाबाद के राजीव गांधी सभागार में विधायक गणेश गुप्ता पहले तेलंगाना में इन दुकानों पर पीएम मोदी की तस्वीरें लगाने का अनुरोध किया गया था, तो इसकी अनुमति नहीं दी गई थी। मालूम हो कि पिछले सप्ताह तेलंगाना के अपने दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री सीतारमण ने एक पीडीएस दुकान का दौरा किया था। सीतारमण ने कहा था कि पीडीएस की दुकान पर पीएम के पोस्टर लगाए जाने चाहिए।

## इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण हुआ नेताजी की बेटी ने कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश को बड़ी सौगात देंगे। वे आज शाम दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फुट ऊंची प्रतिमा को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी ने इस साल 23 जनवरी को इंडिया गेट पर नेताजी बोस के होलेग्राम स्टेच्यू का अनावरण किया था लेकिन अब उसकी जगह स्थाई से तैयार हुई प्रतिमा प्रतिमा 280 मीट्रिक टन वजन वाले विशाल ग्रेनाइट पत्थर पर उकेरा गया है। इस प्रतिमा को 26,000 घंटे के अथक कलात्मक प्रयासों से अखंड ग्रेनाइट को तराश कर 65 मीट्रिक टन वजन की इस प्रतिमा को तैयार किया गया है। काले रंग के ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित 28 फुट ऊंची यह प्रतिमा इंडिया गेट के समीप एक छतरी के नीचे स्थापित की और खूबसूरत प्रतिमा है।तेलंगाना से दिल्ली लाने के लिए स्पेशल ट्रक सूत्रों के मुताबिक प्रतिमा को तेलंगाना से दिल्ली लाने के लिए 100 फुट लंबे और 140 पहियों वाले ट्रक को खास तौर से डिजाइन किया गया। इसके बाद पूरी सावधानी के साथ तेलंगाना से 1665 किमी का सफर तय करके उसे दिल्ली लाया गया। आज पीएम नरेंद्र मोदी इस प्रतिमा को राष्ट्र



प्रतिमा लगाई जाएगी इंडिया गेट पर एक छत्र के नीचे प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है, जहां दशकों पहले किंग जॉर्ज पंचम की छवि थी, जिसके खिलाफ उन्होंने विद्रोह किया था। नेता जी सुभाष चंद्र की बेटी अनीता बोस फाफ ने कहा कि ताइपे में विमान दुर्घटना के बाद से अब तक जापान के रेनकोजी मंदिर में रखे गए अवशेषों को उचित सम्मान के साथ वापस लाया जाए। इसे लेकर उन्होंने पीएमओ को चिट्ठी भी लिखी हैं। 26,000 घंटे के कलात्मक प्रयासों जाएगी। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है।अरुण योगीराज के नेतृत्व में हुआ निर्माण सूत्रों के मुताबिक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की इस प्रतिमा को अरुण योगीराज के नेतृत्व में तेलंगाना के कलाकारों की टीम ने बनाया है। उन्होंने इसके लिए परंपरागत तकनीक के साथ ही आधुनिक उपकरणों का भी सहारा लिया। जिसके बाद 65 मीट्रिक टन की यह प्रतिमा तैयार हो सकी। देश में लगने वाली नेताजी बोस की यह सबसे लंबी के नाम समर्पित करेंगे। इसके लिए आज इंडिया गेट पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।कदम कदम बढ़ाए जा की धुनों पर होगा प्रतिमा का अनावरण पीएम नरेंद्र मोदी जैसे ही इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंडिया गेट पर पहुंचेंगे, मणिपुरी शंख वाद्यम और केरल के पंच वाद्यव व चंदा से उनका स्वागत किया जाएगा। इसके आजाद हिंद सेना के परंपरागत गीत कदम कदम बढ़ाए जा की धुनों पर प्रतिमा का उदघाटन किया जाएगा।

## अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में हुआ ग्रेनेड विस्फोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**काबुल।** हाल ही में उत्तरी अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में तालिबान सदस्यों के ग्रेनेड विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और महिलाओं और बच्चों सहित चार लोग घायल हो गए। ग्रेनेड विस्फोट, मैमाना शहर के पुलिस जिले 2 में, फरयाब की प्रांतीय राजधानी, खामा प्रेस ने अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि ग्रेनेड विस्फोट में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, फरयाब प्रांत में तालिबान सरकार के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि हथगोला ठगलती सेठ फेंक दिया गया था और यह घटना एक साजिश अपराध नहीं है।खामा प्रेस के अनुसार, दो तालिबानी व्यक्ति मोटरसाइकिल पर थे, जब ग्रेनेड पिन अनायास ही बाहर आ गया, जिससे उन्हें ग्रेनेड फेंकने के लिए प्रेरित किया गया। इस इस घटना के कारण फरयाब प्रांत में एक व्यक्ति की मौत



हो गई क्योंकि ग्रेनेड विस्फोट के कारण उसकी चोटें गंभीर थीं और एक पुरुष, दो महिलाओं और एक बच्चे सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। हाल के महीनों में, राजधानी काबुल में कई विस्फोट हुए हैं, जिनमें दर्जनों निर्दोष लोगों की जान गई है। इससे पहले सोमवार को काबुल में रूसी दूतावास के कांसुलर डिपार्टमेंट गेट के आसपास एक विस्फोट हुआ था जिसमें दस लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे।

## तिरंगा लेकर निकले राहुल गांधी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कन्याकुमारी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' का आगाज कर दिया



है। संगठन को मजबूत करने और पार्टी कार्यकर्ताओं में जान फूंकने के मकसद से ये यात्रा सुबह सात बजे अगस्तीस्वरम से शुरू हुई। इस दौरान पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे। पदयात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने शिविर स्थल पर ध्वजारोहण किया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,570 किमी लंबी होगी। उन्होंने 118 'भारत यात्रियों' के अलावा पार्टी नेताओं के साथ पदयात्रा शुरू की। 'भारत यात्रियों' में 30 फीसद महिलाएं हैं।राहुल गांधी ने बुधवार को भारत जोड़ो यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। राहुल ने कहा था कि वह नफरत के लिए अपना देश नहीं खोएंगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को परास्त करने के लिए सक्रिय हुई तिकड़ी



**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संदेश साफ है कि इस बार मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को परास्त करना है। सोमवार को एक दिन की मुंबई यात्रा के दौरान उद्धव ठाकरे को लेकर अमित शाह के तेवर तीखे थे। उन्होंने साफ कहा कि 'उद्धव को उनकी जगह दिखाने का समय आ गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्ववाली शिवसेना अपने कर्मों के कारण छोटी हुई है, क्योंकि उन्होंने जनादेश का अपमान किया था और अपनी विचारधारा से हट गए थे। मैं दोहराना चाहता हूं कि मैंने कभी भी उद्धव ठाकरे के साथ मुख्यमंत्री का पद साझा करने का वायदा नहीं किया था। उन्होंने (उद्धव ने) 2019 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के देवेंद्र फडणवीस के नाम पर वोट मांगने के बावजूद शरद पवार के नेतृत्ववाली राकांपा और कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बनने के लिए हर चीज से समझौता किया। राजनीति में जो लोग धोखा देते हैं, उन्हें सजा देनी ही चाहिए।'

## खाद्यान्न वितरण की तिथि 10 सितम्बर तक बढ़ायी गयी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न एवं नमक, तेल व चना का वितरण ई-पास मशीन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा दिनांक 07 सितम्बर 2022 तक वितरण की अन्तिम तिथि तक किया गया इसमें अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ एवं 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ रू0 2 प्रति किग्रा तथा चावल रू0 3 प्रति किग्रा की दर से) का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 01 किग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया गया। उन्होने बताया कि अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के द्वारा खाद्यान्न वितरण की तिथि दिनांक 08 सितम्बर से 10 सितम्बर तक विस्तारित कर दी गयी है। मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा दिनांक 10 सितम्बर को भी उपलब्ध है।

## आईटीआई अभ्यर्थी परिणामी रिक्तयों के सापेक्ष नये विकल्प का करें चयन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य बी0बी0 सिंह ने बताया कि समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश अलीगंज लखनऊ द्वारा प्रवेश-2022 की द्वितीय चरण के प्रवेश व उच्चीकरण के उपरान्त परिणामी रिक्तयों के सापेक्ष नये विकल्प का चयन अभ्यर्थी आवेदन पत्र में प्रवेश हेतु इच्छित संस्थान, व्यवसाय, स्थानीय आरक्षण (केवल राजकीय संस्थानों हेतु) उपवर्ग एवं लिंग का विकल्प पुनः पंजीकृत करा सकते हैं। पुनरीक्षित विकल्प पंजीकृत न कराये जाने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा मूल आवेदन में प्रस्तुत किये गये विकल्प के अनुसार तृतीय चरण की सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित कर लिया जायेगा। नवीन विकल्प पंजीकृत किये जाने की कार्यवाही वेबसाइट पर दिनांक 07 सितम्बर से 09 सितम्बर रात्रि 12 बजे तक की जा सकेगी। विस्तृत जानकारी हेतु संस्थान में सम्पर्क कर सकते हैं।

## महाकुंभ-2025 के पहले प्रयागराज एयरपोर्ट का रास्ता होगा फोरलेन



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के पहले झलवा की ओर से एयर पोर्ट जाने वाला रास्ता फोर लेन किया जाएगा। चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से सर्वे किया जा चुका है। कुंभ के दौरान लोगों को जाम की समस्या से न परेशान होना पड़े इसके लिए यह कवायद की जा रही है। झलवा की ओर प्रयागराज से कौशांबी जाने वाले रास्ता इस समय दो लेन है। ऐसे में यहां पर जाम की स्थित बनी रहती है। तमाम लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण कर घर बना लिया है। पीडीए की ओर इन मकानों को ढहाने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। झलवा से कौशांबी बार्डर की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। 11 गांवों के बीच से यह सड़क होकर गुजरती है। 874 किसानों से सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण की जाएगी। 653 किसानों से जमीन अधिग्रहण करने की सहमति बन चुकी है। बाकी किसानों से बातचीत अंतिम दौर में है। माघ मेला के पहले सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हो जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के लिए 9.33 हेक्टेयर यानि लगभग 38 बीघा जमीन 102 करोड़ रुपये में खरीदी जाएगी। 50 लाख रुपये का बजट आवंटित हो चुका है प्रयागराज से कौशांबी सड़क को 42 किलो मीटर फोरलेन किया जाना है। प्रयागराज में 10 किलोमीटर सड़क चौड़ी की जाएगी। दो माह के भीतर चौड़ीकरण शुरू हो जाएगा। 102 करोड़ रुपये में किसानों से जमीन खरीदी जाएगी।

## अंग्रेजियत के खिलाफ की तंज-व्यंग्य की शायरी और तोड़ा था मिथक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** दुनिया में हूं दुनिया का तलबगार नहीं हूं। बाजार से गुजरा हूं खरीदार नहीं हूं। जैसी रचनाओं से हर किसी की अंतरात्मा को झकझोरने वाले शायर थे अकबर इलाहाबादी। तंजो-मिजाह शायरी में अकबर का मुकाम सरे-फेहरिस्त है। कभी शराबो-शबाब और राजाओं की जी-हुजूरी तक सीमित रहने वाली शायरी के मिथक को अकबर ने तोड़ा। उन्हें शायरी में तंज कसना अच्छे से आता था। जब सर सैयद अहमद खां ने अंग्रेजियत को अपनाने की मुहिम छेड़ी तो उसका जवाब अकबर इलाहाबादी ने तंज-व्यंग्य की शायरी से दिया। वो अंग्रेजी पढ़ने के खिलाफ नहीं थे, बल्कि उसकी संस्कृति के विरोध थे। 16 नवंबर 1846 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के बारा नामक कस्बे में जन्मे अकबर का नाम सैयद हुसैन था। इनके पिता सैयद तफ्फजुल हुसैन व्याकरण और गणित की पढ़ाई में आगे बढ़ाना चाहते थे, लेकिन 14 वर्ष की उम्र में अकबर को अंग्रेजी पढ़ने का शौक




जागा। उन दिनों अरबी, फारसी जानने वालों की खासी तादाद थी, लेकिन अंग्रेजी जानने और पढ़ने वालों की संख्या नाम मात्र की थी। उन्होंने 1867 में वकालत की परीक्षा पास की, इसके दो वर्ष बाद नायब तहसीलदार हो गए। 1881 में उन्हें मुंसिफ का पद मिला। वह 1888 में सदर-उल-सदूर पद पर नियुक्त कर दिए गए। 1892 में अदालत खफीफा के जज नियुक्त हुए और 1894 में डिस्ट्रिक सेशन जज तक का सफर तय किया। उन्हें 1898 में सरकार ने 'खान बहादुर की पदवी से नवाजा। नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद 1910 में उनकी पतनी का निधन हो गया। इसके कुछ दिनों बाद उनके बेटे हाशिम की मृत्यु हो गई। पतनी और बेटे की मौत का दुःख उन्होंने धैयपूर्वक सहन किया। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी शायरी के माध्यम से जोरदार मुखालफत की। नौ सितंबर 1921 को उनका प्रयागराज में निधन हो गया। आलोचक प्रो. अली अहमद फातमी कहते हैं कि अकबर इलाहाबादी की प्रासंगिता आज भी कायम है, उन्होंने जिस संस्कृति व सभ्यता को संरक्षित करने को आवाज उठाई थी वो आज सामने नजर आता है। शायर इम्तियाज अहमद गाजी कहते हैं कि सरकार ने अकबर इलाहाबादी को भुला दिया है। यही कारण है कि उनकी जन्मतिथि और पुण्यतिथि पर याद करने वाला कोई नहीं है। प्रयागराज के हिम्मतगंज मोहल्ला में काला डांडा कब्रिस्तान में स्थित उनकी कब्र भी उपेक्षित है। यादगारे हुसैनी इंटर कालेज है कोतवाली के पास स्थित यादगारे हुसैनी इंटर कालेज अकबर इलाहाबादी का असली घर है। यादगारे हुसैनी इंटर कालेज की स्थापना 1942 में हुई। तब यह कालेज रानीमंडी मोहल्ले में था। देश का बंटवारा होने के बाद अकबर के परिवार के कुछ सदस्य पाकिस्तान चले गए थे, लेकिन उनके बेटे मोहम्मद मुसलिम यहीं रुके रहे। वही कालेज को अपनी कोठी में ले आए। बाद में मोहम्मद मुसलिम भी पाकिस्तान चले गए। इसके बाद 50 हजार वर्गमीटर जमीन कस्टोडियन में चली गई। कुछ सामाजिक लोगों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से मिलकर कालेज की जमीन कस्टोडियन से वापस कराने की मांग की। इसके बाद यह मिल्कियत 'यादगारे हुसैनी सोसाइटी के नाम से दर्ज करा दी गई।

## घर में लूटपाट और चाकूबाजी के बीच सोती रही महिला प्रयागराज में आढ़ती के यहां वारदात में यही हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज सिटी के शाहगंज में कारोबारी मोहम्मद अंसार के घर में बदमाश लूटपाट करते रहे, लेकिन बगल के कमरे में सो रही बहू अलीसा को भनक तक नहीं लग पाई। कारोबारी की आवाज सुनकर जब मोहल्ले वाले मदद को पहुंचे तो अलीसा को घटना को पता चला। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि लुटेरे करीब साढ़े आठ बजे घर में दाखिल हुए थे और नौ बजकर 25 मिनट पर फरार हुए थे। इस आधार पर माना गया है कि बदमाशों ने 55 मिनट में 14 लाख रुपये की लूटपाट की और आसानी से भाग निकले। इस वारदात की जांच में जुटी पुलिस का मानना है कि जिस तरह से घटना को अंजान दिया गया है, उससे स्थानीय बदमाशों का हाथ होने की आशंका है। घर की रेकी और मुखबिरी करने वाला शख्स भी कोई बेहद करीबी हो सकता है। ऐसे में पुलिस की टीम संदिग्ध लोगों की धरपकड़ के साथ ही घटना के वक्त मोहल्ले में सक्रिय रहे मोबाइल नंबरों की भी लोकेशन खंगाल रही है। जांच में यह भी पता चला है कि बदमाश जिस स्कूटी से कारोबारी के घर तक पहुंचे थे, उस पर नंबर नहीं था। उधर, बहू ने पूछताछ में कहा कि वह कमरे में सो रही थी, लेकिन बदमाश उसके कमरे में नहीं पहुंचे थे। सुबह शौहर और देवर को नाश्ता बनाकर दिया था और इसके बाद वह सोने चली गई। मगर 55 मिनट तक बदमाश भीतर लूटपाट करते रहे और उसे पता नहीं चला, इस पर भी कई सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल सीओ प्रथम सत्येंद्र तिवारी का कहना है कि पुलिस व एसओजी की टीम काम कर रही है। छह संदिग्ध बदमाशों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।



## लखनऊ के अग्निकांड के बाद टूटी पीडीए की नींद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में 200 से अधिक होटल अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। कई तो बिना मानचित्र के बन गए हैं। ऐसे लगभग पांच दर्जन होटलों के खिलाफ अब



प्रयागराज विकास प्राधिकरण कार्रवाई करने जा रहा है। प्राधिकरण इन होटलों को सील करेगा। जानसेनगंज, सिविल लाइंस और चौक के ज्यादातर होटलों का पास नहीं है नक्शा लखनऊ के होटल में आग लगने के बाद प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सक्रियता दिखाई है। पहले प्राधिकरण हाथ पर हाथ धरे बैठा था। प्राधिकरण के पास इन होटलों की सूची तो है लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही थी। मानक के विपरीत होटल संचालकों को नोटिस भी नहीं दिया जा सका था। सिविल लाइंस, कटरा, जानसेनगंज में कई होटलों का भी नक्शा नहीं पास है। गौर करने वाली बात है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले अवैध होटल संचालकों पर पीडीए मेहरबान बना रहा। ज्यादातर होटलों में लगे अग्निशमन यंत्र भी खराब है। शायरन भी खराब हो चुके हैं।सिविल लाइंस में आठ, जानसेनगंज में छह, कटरा में तीन, चौक में आठ होटल ऐसे हैं, जिनका पीडीए से नक्शा नहीं पास है। यह होटल चर्चित हैं। होटल धड़ल्ले से चल रहे हैं। इसमें कई होटल बिल्डरों व सफेदपोश के हैं। होटलों में किसी तरह के सुरक्षा का इंतजाम नहीं है। जानसेनगंज में कई होटल सकरी गलियों में तैयार है। यहां पर आग लगने पर शहर में बड़ा हादसा हो जाएगा। फायर ब्रिगेड की गाडिया भी यहां तक नहीं पहुंच सकती हैं।

## भोर में पांच बजे टीम पहुंची रवि के घर, नौकरानी को बाथरूम में चार घंटे तक रखा बंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जनराज्य पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रवि सिंह यादव के ठिकानों पर छापेमारी के लिए आयकर विभाग की टीम मंगलवार की रात ही आ गई थी। बुधवार भोर में पांच बजे आयकर टीम धूमनगंज के न्याय नगर में रवि सिंह यादव के घर पहुंच गई थी। पता चला है कि बुधवार सुबह छापेमारी और तलाशी के दौरान करीब सात बजे नौकरानी पहुंची तो टीम ने उसे बाथरूम में बंद कर दिया। वह करीब चार घंटे तक बाथरूम में बंद रही। फिर उसे उसे दस्तावेज हाथ लगे है। इसके साथ टीम को कुछ अवैध लेनदेन के बारे में भी जानकारी मिली है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। जांच के दौरान और भी चीजें मिलने की संभावना है। जांच की कार्रवाई अभी जारी है। चुनाव आयोग ने आयकर विभाग को ऐसे राजनीतिक दलों की सूची सौंपी है, जिनकी राजनीतिक गतिविधि शून्य हैं, लेकिन उन्हें चंदे में मोटी रकम मिली है। इनमें से एक चुनावी दल जनराज्य पार्टी के वाराणसी, मऊ, आजमगढ़ और प्रयागराज में तौर पर मोटी रकम के लेनदेन का पता चला है। चुनाव आयोग ने आयकर विभाग को ऐसे राजनीतिक दलों की सूची सौंपी है जिनकी राजनीतिक गतिविधि शून्य है लेकिन उन्हें चंदे में मोटी रकम मिली है। इनमें से एक चुनावी दल जनराज्य पार्टी के वाराणसी, मऊ और प्रयागराज में कार्यालय तथा पदाधिकारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार को छापेमारी शुरू की। पार्टी के महासचिव रवि सिंह यादव के पिता हरिनाम सिंह यादव कल्याण एवं उपकर आयुक्त के पद से रिटायर



जाने दिया गया। बाहर आकर नौकरानी ने आसपास के लोगों को इस बारे में जानकारी दी। आयकर टीम गुरुवार दोपहर तक रवि सिंह यादव के निवास में मौजूद रही। टीम ने रवि के सिविल लाइंस स्थित फ्लैट की भी जांच की। इसके साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों के बैंक लाकर भी चेक किए गए। टीम ने वाराणसी और मऊ में भी रवि सिंह यादव के ठिकानों पर भी छापा मारा है। कहा जा रहा है कि टीम को इन स्थानों पर चंदे के तौर पर मोटी रकम के लेनदेन का पता चला है। आयकर विभाग के एक अधिकारी के अनुसार टीम तो जनराज्य पार्टी को चंदे में मोटी रकम मिलने की जानकारी मिली थी। इसके बाद से ही आईटी टीम ने इनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरु कर दिया था। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यालय तथा पदाधिकारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार से छापेमारी शुरू की है। पार्टी के महासचिव रवि सिंह यादव के पिता हरिनाम सिंह यादव कल्याण एवं उपकर आयुक्त के पद से रिटायर हुए थे। उनका निधन हो चुका है। आयकर विभाग की टीम ने प्रयागराज में सिविल लाइंस तथा धूमनगंज में जनराज्य पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रवि सिंह यादव के ठिकानों पर छापेमारी की है। गुरुवार दोपहर तक आयकर टीम इन स्थानों पर तलाशी के साथ ही रवि सिंह यादव से पूछताछ करती रही। घर में रवि के साथ उनके बड़े भाई उमाशंकर भी परिवार सहित मौजद हैं। टीम ने वाराणसी और मऊ में भी रवि सिंह यादव के ठिकानों पर छापा मारा है। कहा जा रहा है कि टीम को इन स्थानों पर चंदे के हुए थे। पता चला है कि दो माह पहले उनका निधन हुआ है। प्रयागराज के न्याय नगर में उनका मकान है। मकान के बाहर लगी नेम प्लेट में श्रीमती लालिता यादव पतने हरिनाम सिंह यादव लिखा है। आयकर विभाग की टीम इस मकान में गुरुवार दोपहर तक तलाशी लेती रही। सिविल लाइंस के भी फ्लैट में तलाशी ली गई और बैंक लॉकर चेक किए गए। प्रयागराज के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें आयकर छापेमारी की जानकारी नहीं है। छापेमारी बुधवार से ही जारी है। छापेमारी के दौरान रवि सिंह यादव की मां लालिता यादव की तबियत खराब होने पर डाक्टर को भी घर में बुलाया गया था।

## छात्रा संजना सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 91.8% अंक किया हासिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सनतक तृतीय वर्ष की छात्रा संजना सिंह ने 91.85इ् अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता के मान सम्मान को बढ़ाया बल्कि उसने जिले को भी गौरवान्वित किया है। सदर तहसील के नेवादा कला गाँव के सेवानिवृत्त फौजी संजय कुमार सिंह की पुत्री संजना सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की तृतीय वर्ष की परीक्षा में 450 अंकों में 419 अंक प्राप्त किए। उसने कुल 1350 अंकों में 1240 अंक प्राप्त करके 91.85इ् अंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है।तृतीय वर्ष में अर्थशास्त्र एवं हिंदी विषय चुनने वाली संजना सिंह भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं में अपना भाग्य आजमाना चाहती हैं।साथ ही माता-पिता के आशीर्वाद और अपने संकल्प से वह कुछ बन कर दिखाना चाहती हैं।वह अपनी शिक्षा-दीक्षा में माँ सुनीता सिंह एवं पिता संजय कुमार सिंह के योगदान,मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को महत्वपूर्ण मानते हुए अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हैं। होनहार बिरवान के होत चिकने पात की कहावत को चरितार्थ करने वाली संजना से इस जिले को बहुत सारी आशाएं हैं।






(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** प्रयागराज हाईकोर्ट गेट नंबर-4 के सामने गुरुकृपा कॉलोनी में रहने वाले आरिफ अंसारी पुत्र खुर्शीद अंसारी जो की देवरिया गोरखपुर के निवासी है उन्होंने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है।स्थानीय पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।



(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में म्योहाल क्रीड़ा संकुल की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 1-8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के भव्य आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## मंडल रेल प्रबंधक संग रेलवे के अधिकारियो ने नवनिर्मित दोहरी लाइन का किया गहन निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**वाराणसी।** परिचालन की सुगमता एवं मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के गाजीपुर सिटी-बलिया दोहरी करण परियोजना के अंतर्गत गाजीपुर सिटी-यूसुफपुर कार्य योजना के प्रथम चरण में गाजीपुर सिटी- फतेहपुर अटवां हाल्ट (कट कनेक्शन )तक रेल खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होने के उपरांत मोहम्मद लतीफ खान, रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल द्वारा आज 07 सितम्बर, 2022 को इस विद्युतीकरण सहित नवनिर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण किया।इस अवसर पर रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण श्री राजीव कुमार, मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी श्री रामाश्रय पाण्डेय, चीफ कम्युनिकेशन इंजीनियर श्री बी.के.राय, मुख्य इंजीनियर निर्माण श्री अशुतोष मिश्रा, मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण श्री बी के यादव, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर निर्माण श्री नीलाभ महेश,उप मुख्यइंजीनियर निर्माण श्री गौरव गुप्ता,उप मुख्य इंजीनियर निर्माण श्री आई सी सुभाष,उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर आशुतोष पाण्डेय,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आरएन सिंह,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय समेत मुख्यालय गोरखपुर, वाराणसी मंडल एवं निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान ने सबसे पहले अपनी स्पेशल ट्रेन से गाजीपुर सिटी स्टेशन पहुँचे और रेलवे स्टेशन पर डाउन साइड में संस्थापित नए उपकरणों का गहन निरीक्षण किया इसके साथ ही दोहरीकरण के मानक के अनुरूप यार्ड प्लान,इंटरलॉकिंग, स्टेशन वर्किंग रूल, स्टेशन पैनल, ,प्लेटफार्म, पॉइंट क्रासिंग, सिगनल,बर्थिंग ट्रैक,ओवर हेड ट्रैक्शन,सिगनल ओवर लैप, फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प, यार्ड के समपार फाटक 25 बी आदि की संरक्षा परखी।तदुपरांत रेल संरक्षा आयुक्त मोटर ट्रॉली से गाजीपुर सिटी-युसूफपुर रेल खण्ड मध्य किमी सं 126/ 5-6 पर स्थित समपार फाटक सं 29 का संरक्षा निरीक्षण किया और गेट मैन से विधुतीकृत सह दोहरीकृत रेल खण्ड में अपनाये जाने वाले संरक्षा ज्ञान को परखा। इसी क्रम में किमी सं 124/2 से 124/6 तक कर्वेचर सं 25 के इंडेन्ट पर रेल अभिकेन्द्रीय त्वरण और ओवर हेड ट्रैक्शन का मापन करते हुए किमी सं 124/3-4 पर माईनर ब्रिज सं 67 पर दोहरीकृत लाइन हेतु निर्मित ब्रिज की जाँच की तथा इसके बाद वे किमी सं 123/7-8 पर कट कनेक्शन लोकेशन पर पहुँचे और दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के मानकों के अनुसार ब्लाक खण्ड का निरीक्षण किया।अपने निरीक्षण के दौरान सी आर एस ने गाजीपुर सिटी-फतेहपुर अटवां हाल्ट (कट कनेक्शन तक)ब्लॉक खण्ड पर लाइन फिटिंग्स पर ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन की ऊँचाई , मानक के अनुरूप क्रॉसओवर लाइन विद्युत कर्षण लाइन फिटिंग्स, ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन की नई लाइन से मानक ऊँचाई, कर्वेचर एवं पुल-पुलियाओं का संरक्षा निरीक्षण किया एवं दोहरीकरण के अनुरूप समपार फाटकों बूम लॉक व हाइट गेजों के संस्थापन सुनिश्चित किया। अशोक कुमार जन सम्पर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार निरीक्षण के अंत में रेल संरक्षा आयुक्त ने सी आर एस स्पेशल ट्रेन से फतेहपुर अटवां हाल्ट के निकट कट कनेक्शन से गाजीपुर सिटी तक नई लाइन पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रॉयल पूरा किया।





( आधुनिक समाचार सेवा )

**प्रयागराज।** प्रयागराज राजापुर के उचावागढ़ी के थाना कैंट चौकी के नियर स्थित ब्लड बैंक के पास मे प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे दिव्याशु पटेल ने आज दिनांक 07/09/2022 सुबह 9:00बजे फासी लगा कर आत्महत्या कर ली है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज के विभिन्न घाटों के जीर्णोद्धार/नए निर्माण संबंधित दिए गए प्रस्तावों को बेहतर रूप से समझने हेतु मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों समेत जनपद के विभिन्न घाटों का आज निरीक्षण किया।



## थाना कोरांव जनपद प्रयागराज पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार जनपद कब्जे से 14 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** श्रीमान् वरिष्ठ अधीक्षक प्रयागराज के निदेशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के कम मे श्रीमान् पुलिस अधीक्षक यमुनापर व श्रीमान् क्षेत्राधिकरी मेजा के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक कोरांव धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0प्र0 अमित कुमार मौर्य मय पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों 1. महेन्द्र कोल एसओ रंगीले कोल निवासी ग्राम पहडी होला प्रदेश 3. अमत कोल एसओ राम सिया कोल निवासी ग्राम पहडी टोला हनुमना जिला रीवा मध्य प्रदेश को नन्हे चौराहे थना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार कर कब्जे से 14 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया उक्त गिरफ्तार /बरामदगी के सम्बन्ध में थना कोरांव में म0अ0सं0 421/2022, मु0अ0सं0 422/2022 व मु0अ0सं0 423/2022 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किये गये नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1. महेन्द्र कोल पुत्र रंगीले कोल निवासी ग्राम पहडी टोला हनुमना जिला रीवा मध्य प्रदेश, उम्र 20 वर्ष 2. दीपक कोल पुत्र मुन्ना लाल कोल निवासी ग्राम पहडी टोला हनुमना जिला रीवा मध्य प्रदेश, उम्र 21 वर्ष 3. अमित कोल पुत्र राम सिया कोल निवासी गाम पहडी टोला हनुमना जिला रीवा मध्य प्रदेश, उम्र 19 वर्ष । **बरामदगी का विवरण-** 14 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा। आपराधिक इतिहास- मुअ0सं0 421/2022 धारा 8/20 NDPS Act बनाम महेन्द्र कोल, मु0अ0सं0 422/2022 धारा 8/20 NDPS Act बनाम दीपक कोल, मु0अ0सं0 423/2022 धारा 8/20 NDPS Act बनाम अमित कोल। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0प्र0 अमित मौर्या थाना कोरांव जनपद प्रयागराज। 2. उ0नि0प्र0 पंकज कुमार थाना कोरांव जनपद प्रयागराज। 3.उ0नि0 ब्रजेश कुमार तिवारी थाना कोरांव जनपद प्रयागराज। 4. हे0का0 राम अचल यादव थाना कोरांव जनपद प्रयागराज। 5. का0 सच्चिदानंद यादव थाना कोरांव जनपद प्रयागराज। 6. का0 रुपेश सिंह थाना कोरांव जनपद प्रयागराज। 7. का0 विकास यादव थाना कोरांव जनपद प्रयागराज ।

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पं0 राम चन्द्र मिश्रा मेमोरियल पब्लिक स्कूल, झलवा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्मिलित हुई।संयोग से आज विद्यालय के निदेशक श्री सुभाष मिश्रा जी का जन्मदिन भी है, सुभाष जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई और मंगल कामनाएं।





# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**

सम्पर्क सूत्र:– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# ट्रांसफार्मर दो माह से खराब ग्रामीण बदलवाने के लिए लगा रहे हैं गुहार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**(डाला) सोनभद्र।** विद्युत सब स्टेशन डाला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा कोटा के चुनियरा टोला मे पिछले लगभग दो माह से 16केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लगभग पच्चीस घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई जिससे आदिवासी ग्रामीण अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर । आदिवासी बनवासी बहुल क्षेत्र के ग्रामीणों के घरों में अंधेरा हो जाने से विषैले जंतुओं का खतरा भी मंडराना शुरू हो गया । विद्युत से संचालित होने वाली उपकरण का प्रयोग पूर्ण रुप से बन्द हो गया है खासकर घरों मे प्रकाशीत करने के बल्ब और संचार की व्यवस्था के लिए मोबाइल आदि का प्रयोग दो माह से बंद हो जाने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । बताते चलें कि ग्राम सभा कोटा के चुनियारा टोला में लगभग दो माह पूर्व आकाशी बिजली गिरने से चपेट में आए दो पशुओं की मौत हो गई थी और उसी दौरान वहां पर लगा हुआ 16 केवीए का ट्रांसफार्मर भी जल गया ।ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा अंधेरा छाया हुआ है ।स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए स्थानीय विद्युत सब स्टेशन के अधिकारी को और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ट्रांसफार्मर की शिकायत के लिए बनाए गए डायल 1912 पर भी शिकायत दर्ज करवाया लेकिन जले हुए ट्रांसफार्मर को लगभग दो माह बीत गए अभी तक स्थानीय अधिकारियों द्वारा नया ट्रांसफार्मर नहीं उपलब्ध कराया जा सका । आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण बिजली विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीण लगातार दो माह से बिजली नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना कर रहे है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण ने बुधवार को दोपहर में खराब पड़े ट्रांसफार्मर के पास इकट्ठे होकर नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने के बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। इस संबंध में स्थानीय सब स्टेशन के जेई अनुज कुमार द्वारा जानकारी दिया गया कि ट्रांसफार्मर वर्कशॉप में 16 केवीए का ट्रांसफार्मर अभी उपलब्ध नहीं है जिसके कारण विलंब हो रहा है जैसे ही नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध होगा वहां पर ट्रांसफार्मर लगवा कर बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया जाएगा। इनकी रही मौजूदगी लाल बहादुर,राम अवतार, लाल सिंह, वासदेव,धर्मु, सुखराज, मुनिया, कलावती, सुदेवी, मुनिया, सोनी, राजकुमारी, रिंकी, कमलेश, बिफनी, देवराज, लाल बहादुर, तेजबली, इंद्रदेव ग्रामीणों के साथ सर्वजन विकास सेवा समिति के उप सचिव अवधेश चौहान भी मौजूद रहे।



# जनपद स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु जनपद के इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि/स्थल/समय पर उपस्थित होकर लें भाग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** 07 सितम्बर 2022- श्री अमित कुमार उप क्रीड़ाधिकारी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि प्रदेश स्तरीय महिला खेल समारोह में भाग लेने हेतु जनपद / मण्डल स्तरीय चयन / ट्रायल्स का आयोजन खेल निदेशालय,उ0प्र0,लखनऊ के सौजन्य से एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर के तत्वावधान में विभिन्न खेलों में महिला खेल समारोह का आयोजन निमन विवरण अनुसार होना सुनिश्चत है। उक्त के क्रम में प्रदेश स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपद मीरजापुर में जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन / ट्रायल्स का आयोजन निमन विवरण अनुसार आयोजित होनी है। तैराकी 12-13 सितम्बर, 22 पूर्वान्ह 11:00 बजे उस्मानपुर, चुनार, मीरजापुर, टेबल टेनिस 12-13 सितम्बर, 22. पूर्वान्ह 11:00 बजे 15-16 सितम्बर, 22 पूर्वान्ह 11:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, मीरजापुर 18-19 सितम्बर, 22/ अयोध्या, बास्केटबाल हैण्डबाल 12-13 सितम्बर, 22 पूर्वान्ह 11:00 बजे 15-16 सितम्बर, 22 पूर्वान्ह 11:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, मीरजापुर ( जिला) स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनभद्र (मण्डल) 18-20 सितम्बर, 22 / गोरखपुर में किया जायेगा। उन्होने कहा कि उपरोक्त जनपदीय चयन / ट्रायल्स में चयनित खिलाड़ी मण्डलीय चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग करेंगे तदोपरान्त मण्डल स्तर पर चयनित महिला खिलाड़ी राज्य स्तरीय महिलाओं की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उक्त निर्धारित स्थल / तिथि को प्रतिभाग करेंगे। उपरोक्त जनपद स्तरीय चयन / ट्रायल्स में भाग लेने हेतु जनपद मीरजापुर के इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र / आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि / स्थल / समय पर उपस्थित होकर भाग लेंगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# 33 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.09.2022 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा आर एस एस वाली गली पुरब मोहाल कस्बा रॉबर्ट्सगंज के पास से 02 नफर हेरोइन तस्कर 01. समीर उर्फ नील्लू पुत्र शकिल ग्राम ब्रह्मनगर वार्ड नं0 20 थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 35 वर्ष, 02. राकेश पुत्र कमलेश निवासी वार्ड नं0 01 पुरब मोहाल, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष के कब्जे से क्रमशः 18 ग्राम व 15 ग्राम हेरोइन (कुल 33 ग्राम हेरोइन) बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर क्रमशः मु0अ0सं0- 672/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व 673/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारी का विवरण** -01.समीर उर्फ नील्लू पुत्र शकिल ग्राम ब्रह्मनगर वार्ड नं0 20 थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 35 वर्ष ।02.राकेश पुत्र कमलेश निवासी वार्ड नं0 01 पुरब मोहाल, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष ।**बरामदगी का विवरण**- 01.अभियुक्त समीर उर्फ निल्लू उपरोक्त के कब्जे से 18 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन ।02. अभियुक्त राकेश उपरोक्त के कब्जे से 15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन ।**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**-1. उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा रॉबर्ट्सगंज, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।2. आरक्षी विजय शंकर सिंह यादव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।3. आरक्षी कौशलेश सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।




# 10 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**(डाला) सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय , क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों मादक द्रव्य पर अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 6/9/22 हो समय शाम 7:30 बजे शाम को मां मुनन्र देवी पेट्रोल पंप के सामने से गुड्डू गौड़ पुत्र स्वर्गीय राम गोविंद निवासी बाड़ी डाला शंभू कटरा थाना चोपन जनपद सोनभद्र को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम एसआई सुरेश चंद्र दिवेदी प्रभारी चौकी डाला व कांस्टेबल मुकेश। प्रभारी निरीक्षक चोपन

# पत्नी एवं भाई के नाम से दर्ज करोड़ों कि सम्पत्ति हुई कुर्की

**बयालीस करोड तिरानवे लाख सतानब हज़ार आठ सौ रूपए कि अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया**



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**बाराबंकी पुलिस की संयुक्त टीम ने आज गैंगस्टर एक्ट सम्बंधित अभियुक्त कि 14, कि कार्रवाई करते हुए आज थाना चोपन पुलिस एवं थाना देवा जनपद बाराबंकी पुलिस की संयुक्त टीम ने जनपद बाराबंकी में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत धारा 3 (1) गैंगस्टर एक्ट में तार अंसारी के सोनभद्र स्थित गरीबी गैंग के सदस्य अफरोज खान उर्फ चुन्नू के भाई उमेद खान तथा अजमेर खान की पतनी यास्मीन खान निवासी सुमन नगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के नाम दर्ज लगभग 42 करोड़ 93 लाख 97 हजार ?800 की अचल संपत्ति को धारा 14 (1)एक के तहत जिला अधिकारी बाराबंकी के आदेश के अनुसार एवं नियम अनुसार आज कुर्क दिया गया

# राबर्ट्सगंज पुलिस ने तंत्र मंत्र से बीमारियों को ठीक करने का दावा करने वाले बाबा को लिया हिरासत में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** कोतवाली पुलिस द्वारा ढोंगी बाबा को हिरासत में लिया गया शुकृत में कुछ दिनों से बाहर से आए हुए बाबा द्वारा यह दावा किया जारहा था



कि किसी भी प्रकार कि बीमारी हो उसे वो अपने तंत्र मंत्र से ठीक कर सकते हैं जिस कारण ठीक होने कि चाहत लिए भक्तों कि अच्छी खासी भीड़ इकट्ठी होने लगी थी जब इस बारे में जानकारी ली गई तो पता चला अभी तक ऐसा कोई चमत्कार बाबा द्वारा नहीं किया गया है कि किसी भी प्रकार कि बीमारी ठीक हुई हो इसके पश्चात भी अन्ध भक्ति में लीन भक्तों ने पुलिस द्वारा जब मुकेश बाबा को हिरासत में लेने के लिए अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी भीड़ ने वाराणसी से शक्ति नगर हाइवे पर जाम लगा दिया पुलिस के बहोत समझाने पर जाम हटा।

# चिल्ह से एक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कीया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** दिनांक 06.09.22 की शाम 17:40 बजे भोगांव मोड़ ग्राम मुजेहरा खुर्द थाना चिल्ह से एक व्यक्ति को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ चौकी प्रभारी टेढ़वा द्वारा गिरफ्तार कर तथा धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम1.गुड्डू पुत्र सिंगारे हरिजन निवासी ग्राम मुजेहरा कला थाना चिल्ह गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. चन्द्र कान्त तिवारी चौकी प्रभारी टेढ़वा 2 राय साहब यादव आज दिनांक 07.09.22 को पूर्वान्ह 10:35 बजे पुरजागिर चौराहा ग्राम चेकसारी थाना चिल्ह से एक व्यक्ति को 518 ग्राम गांजा के साथ चौकी प्रभारी टेढ़वा द्वारा गिरफ्तार कर तथा धारा एनडीपीएस अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराया गया **गिरफ्तार व्यक्ति का नाम** 1.राजकुमार सोनकर पुत्र लालमनि सोनकर निवासी ग्राम मुगलपट्टी थाना चिल्ह **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** 1. चन्द्र कान्त तिवारी चौकी प्रभारी टेढ़वा 2. संदीप कुमार

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यक्रमों की गयी समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मीरजापुर 07 सितम्बर 2022- मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिला विकास अधिकारी श्री श्रवण कुमार राय, परियोजना अधिकारी डी0आर0डी0ए0 श्री अनय कुमार मिश्रा, डी0सी0 मनरेगा मो0 नफीस, जिला समाज कल्याण श्री गिरीश चन्द्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती शक्ति त्रिपाठी, दिव्यांग, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री अरविन्द कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वाणी वर्मा उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त प्रकार के पेंशन यथा वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग के लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण दिनांक 15.09.2022 तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। इस कार्य में सभी एडी0ओ0 पं0, बी0डी0ओ0 आवश्यक सहयोग देना सुनिश्चित करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना शासन द्वारा बन्द कर दी गयी है। सामूहिक शादी अनुदान विभिनन्न तिथियों में आयोजित की जायेगी। शासन से अभी अग्रिम निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत अवशेष आवेदन पत्रों का सत्यापन सुनिश्चित करें। सभी बी0डी0ओ0 प्रतिदिन ( पेंशन / कन्या सुमंगला योजना) सत्यापन रिपोर्ट सायं 6 बजे तक प्रोबेशन /समाज कल्याण/ दिव्यांग कल्याण विभाग को प्रेषित करें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। भूमि विवाद के कारण केन्द्र निर्माण न होने के लिये सम्बन्धित बी0डी0ओ0 उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इसका निस्तारण कर केन्द्र निर्माण करायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी/ सी0डी0पी0ओ0 निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर फोटो सहित आख्या प्रेषित करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि सिंधोरा गो आश्रय स्थल पर पानी की समस्या है। बी0डी0ओ0 टैंकर की व्यवस्था करें। पंचायत सहायकों की उपस्थिति आनलाइन कराने के साथ ही समय से मानदेय भुगतान का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत रामपुर (वि0ख0 सीखड़ ), काशीपुर ( नरायनपुर), ऊंटी (हलिया) एवं रामपुर - 38 (राजगढ़) के पंचायत भवन का छत नहीं पड़ा है। सम्बन्धित ग्राम के सचिव का दिनांक 07.09.2022 का वेतन अवरूद्ध करने के निर्देश दिये गये। 04 पंचायत भवन निर्माण में भूमि विवाद का निस्तारण जिला पंचायत राज अधिकारी स्वयं करायें। व्यक्तिगत शौचालय शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश। ओ0डी0एफ0 प्लस के अन्तर्गत 29 ग्राम का चयन, जिसमें 09 ग्राम पंचायतों को धनराशि प्राप्त। इसके अन्तर्गत गांव का गीला /सूखा कचड़ा एवं लिक्विड वेस्ड पक्की नाली के माध्यम से सेफ्टिक टैंक के माध्यम से गांव के बाहर किये जाने के निर्देश सभी बी0डी0ओ0 को चयनित सभी ग्रामों का प्लान अगले बुधवार तक प्रस्तुत करने का निर्देश एवं वर्ष 2022-23 में प्राप्त लक्ष्य प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों का शत-प्रतिशत संेशन, अवशेष पीएफएमएस रिजेक्ट, इसे पुनः फीड कराकर आर्डरशीट जेनरेट कराने का निर्देश दिया गया।




# एक किग्रा 400ग्राम अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक- 07.09.2022 थाना ओबरा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त बबुलू पुत्र बासदेव, निवासी करहिया, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 किग्रा 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया । उपरोक्त बरामदगी के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-178/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारी का विवरण** - 01. बबुलू पुत्र बासदेव, निवासी करहिया, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र 35 वर्ष । **बरामदगी का विवरण**- 1. कुल 01 किग्रा 400 ग्राम गांजा ।



# मासूम के सामने दादा की नृशंस हत्या भतीजे ने ही वारदात को दिया अंजाम थाने पहुंच बोला- चाचा को मैंने ही मारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** सोनभद्र के दुबरा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर के समीप गुरुवार को भतीजे ने जमीन विवाद में दूध विक्रेता की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। यूपी के सोनभद्र जिले में गुरुवार दोपहर मासूम के सामने दादा की नृशंस हत्या कर दी गई। भतीजे ने ही वारदात को अंजाम दिया और वहां से भागकर थाने पहुंच गया। पुलिस के सामने हत्या की बात स्वीकार करते हुए सरेंडर कर दिया। इस हत्याकंड से सभी हतप्रभ हैं। घटना का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। ओबरा थाना अंतर्गत पनारी ग्राम सभा के सलईबनवा निवासी घूमन यादव (65) ओपरा परियोजना में सहायक के पद कार्यरत रहे। वहां से सेवानिवृत्त होने के बाद दूध बेचते थे। गुरुवार को वह रोज की तरह सुबह बाइक पर दूध लेकर घर से निकले थे। दूध बिक्री के बाद पोते बॉबी (5) को स्कूल से साथ लेकर घर लौटने लगे।रास्ते में भलुआ टोला से आगे दुबरा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर के पीछे अचानक भतीजा पंकज यादव कुल्हाड़ी लेकर सामने आया और घूमन यादव पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। सिर, गर्दन और हाथ पर कई प्रहार से लहूलुहान घूमन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी भतीजा मौके से फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना दी तो परिजन मौके पर पहुंचे। उधर, हत्यारोपी भतीजा पंकज चोपन थाने में पहुंचा और हत्या की बात स्वीकार की। एएसपी कालू सिंह, सीओ पिपरी प्रदीप सिंह चंदेल, ओबरा एसओ मिथिलेश मिश्र, चोपन एसओ लक्ष्मण पर्वत सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। छानबीन के बाद शव को कब्जे में ले लिया।



# बदलाव के साथ उतर सकती है टीम इंडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 में भारतीय टीम अपने सुपर 4 के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ उतरेगी। भारत, सुपर 4 में पहले ही दो मुकाबले गंवाकर एशिया कप से बाहर हो चुका है मिलेगा। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में भी टीम रोहित शर्मा और केएल राहुल की जोड़ी के साथ उतरेगी। पिछले मैच मे रोहित ने 72 रनों की पारी खेली थी। मीडिल ऑर्डर- मीडिल ऑर्डर में भी टीम इंडिया कोई बदलाव नहीं करेगी और को डिफेंड करने में नाकाम रही थी ऐसे में इस मैच में दीपक चाहर की वापसी तय है। उनके अलावा अक्षर पटेल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है।अफगानिस्तान के खिलाफ संभावित भारतीय टीम केएल राहुल, रोहित शर्मा (कप्तान),



ऐसे में वह जीत के साथ अपने सफर को खत्म करना चाहेगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान को लो-स्कोर मैच में कड़ी टक्कर देने के बाद अफगानिस्तान के हौसले बुलंद हैं। इस एशिया कप में भारत के प्रदर्शन की बात करें तो सुपर 4 के दोनों मुकाबलों में बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ने निराश किया है। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया को अपने प्लेइंग इलेवन में खासतौर से गेंदबाजी में बदलाव की दरकार होगी। ओपनिंग जोड़ी- आखिरी मुकाबले में ओपनिंग जोड़ी में शायद ही बदलाव देखने को 3 नंबर पर विराट कोहली तो 4 पर सूर्यकुमार यादव होंगे। पिछले मैच को छोड़ दिया जाए तो दोनों ने एशिया कप में अच्छी बल्लेबाजी की है। फिनिशर का रोल- हार्दिक पांड्या के अलावा इस मैच में पंत के स्थान पर दिनेश कार्तिक की वापसी हो सकती है। पंत को पिछले दो मुकाबलों में मौका मिला था लेकिन वह कुछ खास नहीं कर पाए ऐसे में कार्तिक की वापसी तय मानी जा रही है। गेंदबाजी में बदलाव- गेंदबाजी में भी इस मैच में बदलाव देखने को मिल सकता है। पिछले दोनों मुकाबलों में टीम अपने स्कोर विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, दीपक चाहर, भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह। अफगानिस्तान टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन हजरतुल्लाह जजई, रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), करीम जनत, राशिद ख़ान, अजमतुल्लाह ओमरजई, मुजीब उर रहमान, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी।

# भारत की अनुपमा उपाध्याय ने हासिल की बड़ी उपलब्धि बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में नई जूनियर नंबर-1 बनीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**अनुपमा ने 18 टूर्नामेंट में 18.60 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दो स्थानों की छलांग लगाई। अनुपमा जूनियर रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल चार भारतीय लड़कियों में से एक हैं। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय अंडर-19 में दुनिया की नंबर-1 एक खिलाड़ी बन गई हैं। वह बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने वाली दूसरी भारतीय शटलर हैं। पंचकुला की 17 वर्षीय अनुपमा ने इस साल की शुरुआत में युगांडा और पोलैंड में जूनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाब अपने नाम किया था। उन्होंने अपनी साथी खिलाड़ी तसनीम मीर को शीर्ष स्थान से हटाया। अनुपमा ने 18 टूर्नामेंट में 18.60 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दो स्थानों की छलांग लगाई। अनुपमा जूनियर रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल चार भारतीय लड़कियों में से एक हैं। उनके अलावा शीर्ष-10 में तसनीम (दूसरे), अन्वेशा गौड़ा (छठे) और उन्नति हुड्डा (नौवें) स्थान पर हैं। अनुपमा की बात करें तो वह हाल ही में सीनियर वर्ग में टॉप-100 में शामिल हुई



थीं। फिलहाल वह 63वें स्थान पर हैं। उन्होंने इस साल जनवरी में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद ओरलियांस ओपन सुपर 100 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। लड़कों के एकल वर्ग में आदित्य जोशी (2014), सिरिल वर्मा (2016), लक्ष्य सेन (2017) वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप पर रह चुके हैं।

# भारतीय टीम एशिया कप से हुई बाहर, पाकिस्तान पहुंची फाइनल में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के एशिया कप 2022 फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया है। मंगलवार को सुपर फोर में श्रीलंका के हाथों मिली हार के बाद जो हल्की सी उम्मीद बची टीम इंडिया का एशिया कप फाइनल में पहुंचना लगभग नामुकिन हो गया था। भारतीय फैंस को चमत्कार की उम्मीद थी लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। बुधवार को अफगानिस्तान की टीम ने टॉस हारकर पाकिस्तान भारत की उम्मीद खत्म कर दा डिफेंडिंग चैंपियन भारत एशिया कप में अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहा। अत्यधिक प्रयोग की वजह से टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। ग्रुप मुकाबले में



थी वो बुधवार को पाकिस्तान की अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के साथ खत्म हो गई। बेहद कांटे की टक्कर में बाबर आजम की टीम ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में श्रीलंका के साथ मुकाबला पक्का किया। भारत को सुपर फोर में पहले पाकिस्तान की टीम से हार मिली इसके बाद श्रीलंका ने भी हराया। लगातार दो हार के बाद के खिलाफ 6 विकेट पर 129 रन का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान की टीम के 9 विकेट चटका दिए थे। टीम जीत के बहुत करीब था लेकिन आखिरी ओवर में 11 रन हासिल करने उतरे पाकिस्तान के लिए नसीम शाह ने दो लगातार छक्के जमा दिए। 1 विकेट से पाकिस्तान की जीत ने पाकिस्तान और हांगकांग को हराने वाली भारतीय टीम सुपर फोर के दो लगातार मुकाबले हार गई। पहले पाकिस्तान ने 5 विकेट से भारत को हराकर ग्रुप मैच की हार का बदला चुकता किया। श्रीलंका ने 6 विकेट की जीत के साथ टीम इंडिया को बाहर जाने का रास्ता लगभग तय कर दिया।

# चैंपियंस लीग में पहला मैच हारने पर चेल्सी ने कोच को हटाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टुचेल को जनवरी 2021 में फ्रैंक लैंपार्ड की जगह टीम का मैनेजर बनाया गया था। उन्होंने मई में क्लब को चैंपियंस लीग में चैंपियन बना दिया। इसके अलावा वह सुपर कप और क्लब वर्ल्ड कप भी जीतने में कामयाब रहे थे। यूईएफए चैंपियंस लीग में मंगलवार (छह सितंबर) को पहले मैच में मिली हार के बाद इंग्लैंड के क्लब चेल्सी ने कोच थॉमस टुचेल को बर्खास्त कर दिया है। क्लब ने बुधवार को इसकी घोषणा की। चेल्सी को क्रोएशिया के क्लब डिनामो जगरेब ने 1-0 से हराकर चौंका दिया। टुचेल पर यह भारी पड़ गई। प्रीमियर लीग में चेल्सी फिलहाल टॉप-5 से बाहर है। वह छह मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। टीम का एक मैच ड्रॉ रहा था। चेल्सी के 10 अंक हैं। टुचेल को जनवरी 2021 में फ्रैंक लैंपार्ड की जगह टीम का मैनेजर बनाया गया था। उन्होंने मई में क्लब को चैंपियंस लीग में चैंपियन बना दिया। इसके अलावा वह सुपर कप और क्लब वर्ल्ड कप भी जीतने में कामयाब रहे थे। टुचेल को बाहर किए जाने की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी। नए सह-मालिक टॉप बोएहली के साथ उनके रिश्ते अच्छे नहीं थे। दोनों के बीच खिलाडि़यों की ट्रांसफर पॉलिसी पर मतभेद था। बोएहली ने क्लब खरीदने के 100 दिन बाद टुचेल को हटा दिया।

# नीरज चोपड़ा की नजरें एक और इतिहास रचने पर, उतरेंगे डायमंड लीग फाइनल्स में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ज्यूरिख।** ओलिंपिक चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा की नजरें एक बार फिर इतिहास रचने पर हैं और वह गुरुवार को प्रतिष्ठित डाइमंड लीग फाइनल्स डायमंड लीग फाइनल्स खिताब पर होंगी। उन्होंने 2017 और 2018 में भी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और क्रमशः सातवें और चौथे स्थान पर रहे। फाइनल के विजेता को 'डायमंड लीग चैंपियन'



में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। चोपड़ा ने चोट के कारण एक महीने तक बाहर रहने के बाद जोरदार वापसी करते हुए डायमंड लीग सीरीज का लुसाने चरण जीतकर यहां दो दिवसीय फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया। वह लुसाने में डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। जुलाई में संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने के दौरान उनको मामूली चोट लगी थी जिसके कारण वह बर्मिंघम कामनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाए थे। 24 वर्षीय भारतीय सुपरस्टार ने वापसी के तुरंत बाद फार्म हासिल करते हुए 26 जुलाई को लुसाने में अपने पहले ही प्रयास में भाले को 89.08 मीटर तक फेंककर खिताब अपने नाम किया था। उन पर चोट का कोई असर नहीं दिख रहा था और उन्होंने अपने करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। हरियाणा में पानीपत के पास खंडरा गांव के इस युवा खिलाड़ी की नजरें अब अपने पहले का ताज पहनाया जाता है। यहां छह सदस्यीय फाइनल्स में विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स नहीं होंगे जो पिछले महीने अपने देश में एक नाव में हुए हमले के बाद चोटों से उबर रहे हैं। चोपड़ा के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चेक गणराज्य के ओलपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेज होंगे जिन्हें भारतीय खिलाड़ी ने लुसाने में भी पछाड़ा था। इस सत्र में 90 मीटर से अधिक थ्रो करने वाले वाडलेज ने लुसाने में 85.88 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने ज्यूरिख फाइनल्स में सर्वाधिक 27 अंक के साथ जगह बनाई जबकि चोपड़ा ने 15 अंकों के साथ चौथे स्थान पर क्वालीफाई किया। डायमंड लीग तालिका में शीर्ष छह खिलाड़ियों ने ज्यूरिख फाइनल्स में क्वालीफाई किया। पिछले साल अगस्त में टोक्यो ओलपिक खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद से चोपड़ा ने इस सत्र में चार बार 31 वर्षीय वाडलेज के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की है और भारतीय खिलाड़ी ने हर बार चेक गणराज्य के खिलाड़ी को पछाड़ा है।

# हरमनप्रीत एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत के साथ बेल्यिम के आर्थर डि सूवर और टॉम बून, जर्मनी के निकलास वेलेन और नीदरलैंड के थियरी ब्रिंकमैन शामिल हैं। महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द इयर



के लिए कोई भी भारतीय खिलाड़ी नामांकित नहीं हुई है। स्टार भारतीय ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के प्लेयर ऑफ द इय्यर के लिए नामांकित किया गया है। इस श्रेणी में विश्व के पांच खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं गोलकीपर की श्रेणी में भारत के पीआर श्रीजेश और सविता पूनिया का नाम है। एफआईएच हॉकी स्टार अवॉर्ड के लिए खिलाडि़यों के नाम शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। वहीं महिला और पुरुष टीम के कोच नाम भी वार्षिक पुरस्कार की सूची में है भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत के साथ बेल्यिम के आर्थर डि सूवर और टॉम बून, जर्मनी के निकलास वेलेन और नीदरलैंड के थियरी ब्रिंकमैन शामिल हैं। महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द इय्यर के लिए कोई भी भारतीय खिलाड़ी नामांकित नहीं हुई है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष भी प्लेयर ऑफ द इय्यर का पुरस्कार जीता था।

# नसीम के छक्के से बाहर हुआ भारत, बाबर और अकरम को आई जावेद मियांदाद की याद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच शारजाह के मैदान पर हुए सुपर 4 के मैच में पूरा भारत, अफगानिस्तान की जीत की दुआएं कर रहा था। अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने 19 ओवर तक मैच को अपने पाले में खींच भी लिया था लेकिन पाकिस्तान के युवा गेंदबाज ने आखिरी ओवर में मैच उनसे छीन लिया। पाकिस्तान के 9 विकेट गिर चुके थे और आखिरी ओवर में उसे ग्यारह रन की जरुरत थी। अफगानिस्तान की टीम मैच के ड्राइविंग सीट पर थी लेकिन फिर जो हुआ उसने युवा नसीम को एशिया कप का स्टार बना दिया आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर इसी एशिया कप में डेब्यू करने वाले नसीम शाह ने छक्का लगाकर पाकिस्तान को जीत दिला दी और उसे फाइनल में पहुंचा दिया। नसीम के इस दो छक्के ने न केवल पाकिस्तान की फाइनल में जगह सुनिश्चित की बल्कि भारत और अफगानिस्तान को एशिया कप से बाहर कर दिया। नसीम के इस छक्के ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और पूर्व कप्तान वसीम अकरम को जावेद मियांदाद की याद दिला दी जब 1986 में इसी मैदान पर उन्होंने आखिरी गेंद पर चेतन शर्मा को छक्का मारकर पाकिस्तान को जीत दिला दी थी मैच के बाद बाबर ने कहा कि नसीम ने कमाल का काम किया। उन्होंने हमें जावेद मियांदाद की याद दिला दी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्विंग के सुल्तान ने वसीम अकरम ने ट्वीट कर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा है-क्या मैच था..मैं इस उम्र में इस तरह के फिनिश नहीं कर सकता था। युवा नसीम शाह के बल्ले से शानदार सिक्स, मैं उस टीम का हिस्सा था जब जावेद मियांदाद ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई थी। 26 साल बाद मैं एक बार फिर से आखिरी ओवर में दो छक्कों का गवाह बना, सनसनीखेज जीत। अब 11 सितंबर रविवार को पाकिस्तान और श्रीलंका की टीम एशिया कप ट्रॉफी के लिए आपस में भिड़ेगी।



# रोमांचक मुकाबले में आउट होने के बाद अफगानिस्तान के गेंदबाज को मारने दौड़े आसिफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एशिया कप जीत का लक्ष्य हासिल किया। पाकिस्तान ने भले ही मैच जीत लिया हो लेकिन जिस तरह की शर्मनाक फाइनल की टक्कर पक्की की। अफगानिस्तान की टीम ने इब्राहिम जादरान के 35 रन और हजरतुल्लाह



के सुपर फोर में बुधवार को एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 129 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में आखिरी ओवर में नसीम शाह के लगाए दो लगातार छक्के के दम पर टीम ने बड़ी मुश्किल से हरकत उसके खिलाड़ी की तरफ से की गई उससे टीम का सिर सबसे सामने नीचा कर दिया पाकिस्तान क्रिकेट टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुई है। बुधवार को अफगानिस्तान की टीम के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में टीम ने श्रीलंका के खिलाफ जजई के 21 रन की बदौलत 129 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद लाजवाब गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ आखिर तक मैच को खींचा। फजल फारुखी और फरीद अहमद 3-3 विकेट चटकाते हुए पाकिस्तान के 9 विकेट गिरा दिए। आखिर के ओवर में 11 रन की जरूरत थी और नसीम शाह ने दो लगातार छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई। पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली 18.5 ओवर में फरीद अहमद की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में आउट हुए। आउट होने के बाद फरीद ने कुछ कहा और फिर आसिफ को इतना गुस्सा आया कि वह वापस बल्ला लेकर फरीद की तरफ मारने के लिए लौटे। उन्होंने बल्ला उठाया और दूसरे खिलाडि़यों ने बीच में आकर उनको रोका। क्रिकेट के मैदान पर ऐसा शर्मनाक हरकत बर्दास्त नहीं किए जाते आइसीसी के नियम के मुताबिक एक खिलाड़ी अपनी आक्रामकता को अपने आप तक सीमित कर सकता है। किसी भी खिलाड़ी को किसी विरोधी खिलाड़ी पर हाथ उठाने या चोट पहुंचाने को बर्दास्त नहीं किया जाता। आसिफ अली की इस घटना पर मैच रेफरी सुनवाई करेंगे और इसके बाद पाकिस्तान बल्लेबाज को एक मैच के लिए प्रतिबंधित भी किया सकता है। जुर्माना लगाया जाना तो तय है।

# राशिफल

**मेष-**:शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान और योग उपयोगी रहेगा। बुद्धिमानी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा, इसलिए अपनी मेहनत की कमाई को सोच-समझकर ही निवेश करें।

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। यदि आप अपने जीवन साथी से स्नेह की अपेक्षा रखते हैं तो आज का दिन आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। लवमेट के साथ आज कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

**मिथुन-**:आज आप में से कुछ लोग महत्वपूर्ण निणर्य लेने पर मजबूर हो सकते हैं, जिससे आप तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं. घरेलू सुख-सुविधा की चीजों पर जरूरत से ज्यादा खर्च न करें।

**कर्क-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बेरोजगार हैं उन्हें आज किसी अच्छी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। लंबी यात्रा के कारण आपको थोड़ी थकान महसूस हो सकती है

**सिंह-**:बेचैनी आपकी मानसिक शांति भंग कर सकती है. अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित स्थान पर रखें, जो आपको भविष्य में वापस मिल सके। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें।

**कन्या-**:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा. आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। बड़ों का प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। आज बाहरी यात्राओं का दौर रहेगा और यह यात्रा सुखद भी रहेगी।

**वृश्चिक-**:आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। हार न मानें और मनचाहा परिणाम पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इन असफलताओं को प्रगति का आधार बनाएं। मुश्किल समय में रिश्तेदार भी काम आएंगे।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक बीमारी का रूप ले लें, आपको उन्हें खत्म कर देना चाहिए. आप किसी धर्मार्थ कार्य में भाग लेकर ऐसा कर सकते है, जिससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

**मकर-**:आज ऑफिस में लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने लवमेट के साथ समय बिताने की जरूरत है।

**कुंभ-**:आज आपको थकान महसूस होगी और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है. आज आपको जमीन, जमीन जायदाद या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन-**:आज आपका ध्यान रचनात्मक कार्यों में रहेगा. आज आप कोई नई रचना भी शुरू कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी सामाजिक संगठन से जुड़ने का मन बना सकते हैं।

## सम्पादकीय

# सावधान रहें आंदोलनजीवियों से केवल विरोध के लिए विरोध करने वालों का देशहित से कोई लेना-देना नहीं

आज से कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू हो रही है। यह यात्रा कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने में कितनी सहायक होगी, यह भविष्य ही बताएगा। इस यात्रा में कांग्रेस के साथ दो सौ से अधिक ऐसे लोग भी जुड़ रहे हैं, जो मूलतः कांग्रेसी नहीं हैं। इनमें से कुछ के पास राजनीतिक किस्म के अपने संगठन भी हैं, जैसे कि योगेंद्र यादव का स्वराज इंडिया। चंद दिनों पहले उन्होंने संयुक्त किसान मोर्चे की समन्वय समिति से त्यागपत्र दे दिया था। माना जाता है कि इसका कारण कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होना है। योगेंद्र यादव के साथ प्रशांत भूषण और प्रो. आनंद कुमार भी भारत यात्रा से जुड़ रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने एक समय अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर मनमोहन सिंह सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी। अब वे मोदी सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों से लड़ने के लिए कांग्रेस का साथ देना आवश्यक समझ रहे हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन कांग्रेस आंदोलनजीवियों से सतर्क रहे तो बेहतर। इसलिए और भी, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद योगेंद्र यादव ने कहा था-कांग्रेस मस्ट डाई। योगेंद्र यादव ने कांग्रेस के खत्म हो जाने की जरूरत पर इसलिए बल दिया था, क्योंकि उनकी समझ से वह विकल्प तैयार करने में सबसे बड़ा रोड़ा है। लगता है अब कांग्रेस के बारे में उनके विचार बदल गए हैं। यह भी कोई नई-अनोखी बात नहीं। समय के साथ व्यक्ति के विचार बदलते हैं। योगेंद्र यादव भले ही किसान नेता, राजनीतिक विश्लेषक, चुनावी विशेषज्ञ आदि के रूप में जाने जाते हों, लेकिन पिछले कुछ समय में उनकी छवि आंदोलनजीवी की बनी है। यह इस कारण बनी है कि पहले वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से जुड़े, फिर नागरिकता संशोधन कानून विरोधी आंदोलन से और इसके बाद कृषि कानून विरोधी आंदोलन से। फिलहाल इसका आकलन करना कठिन है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से योगेंद्र यादव सरीखे कितने और आंदोलनजीवी जुड़ रहे हैं, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि अपने देश में आंदोलनजीवियों की कमी नहीं। योगेंद्र यादव सरीखी एक और आंदोलनजीवी मेधा पाटकर भी इन दिनों चर्चा में हैं। इसका कारण बीते रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से गुजरात में दिया गया यह बयान है कि उन्हें पिछले दरवाजे से राज्य की राजनीति में लाने की कोशिश की जा रही है। उनका संकेत आम आदमी पार्टी की ओर था। संयोग (मेधा पाटकर के लिए दुर्योग) से इसी दिन अर्थशास्त्री स्वामीनाथन अय्यर ने अपने एक लेख के जरिये इस पर अफसोस जताया कि किस तरह एक समय वह मेधा के झांसे में आ गए थे और उनकी बातों से प्रेरित होकर उन्होंने नर्मदा परियोजना के विरोध में लिखा था। अपने ताजा लेख में उन्होंने यह भी लिखा, 'यह साफ है कि मैं गलत था। मेधा ने न केवल मुझे, बल्कि हजारों मानवतावादियों को मूर्ख बनाया।' पता नहीं ये हजारों लोग कौन थे, लेकिन यह सबको पता है कि कथित किसान आंदोलन के दौरान किस तरह हजारों किसानों को झूठ का सहारा लेकर मूर्ख बनाया गया। इससे भी कोई अनभिज्ञ नहीं कि नागरिकता संशोधन कानून को लेकर किस तरह हजारों लोगों और विशेष रूप से मुसलमानों को मूर्ख बनाया गया। जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं था, उसके बारे में यह झूठ फैलाया गया कि उसके जरिये भारत के मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान भी यह झूठ बार-बार दोहराया गया कि इन कानूनों के जरिये किसानों की जमीन छीन ली जाएगी। इन दोनों आंदोलनों में योगेंद्र यादव की सक्रियता किसी से छिपी नहीं। बात हो रही थी मेधा पाटकर की, तो उन्होंने इसका खंडन किया है कि वह गुजरात में आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद की दावेदार हो सकती हैं, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि उन्होंने 2014 में इसी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में मुंबई से चुनाव लड़ा था। मेधा पाटकर नर्मदा बचाओ आंदोलन के लिए जानी जाती हैं। वह इसी नाम से बनाए गए संगठन की संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने दशकों तक इस परियोजना का विरोध किया। धीरे-धीरे उनके इस आंदोलन में कथित पर्यावरणविद, मानवाधिकारवादी आदि शामिल हो गए। इस परियोजना का विरोध इतना अधिक बढ़ा कि विश्व बैंक आर्थिक सहयोग देने के अपने वादे से पीछे हट गया।

# सड़क हादसों पर लगे लगाम, कई पहलुओं को ध्यान में रखकर करना होगा काम

गत रविवार को हुए एक सड़क हादसे ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस हादसे में टाटा समूह के पूर्व मुखिया और जाने-माने उद्यमी सायरस मिस्त्री और उनके एक संबंधी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही देश में सड़क सुरक्षा को लेकर वह बहस नए सिरे से शुरू हो गई, जो उन आंकड़ों के सामने आने से शुरू हुई थी, जिनमें बताया गया था कि 2021 में सड़क हादसों में डेढ़ लाख से अधिक लोग मरे। एक अनुमान के तहत भारत में दुनिया के मात्र एक प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन विश्व भर के सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में 11 प्रतिशत लोग भारत के होते हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने में भयानक सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें तमाम लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। तमाम घायल हो जाते हैं और उनमें से कई जीवन भर टीस देने वाली चोट के साथ जीवन बिताते हैं। कई सड़क घटनाओं में तो पूरे के पूरे परिवार ही उजड़ जाते हैं। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं। यह लापरवाही दुर्घटना के शिकार वाहन चालक या आसपास से गुजर रहे वाहनों के चालकों में से किसी की भी हो सकती है। हादसे सड़कों की खराब डिजाइन और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण भी होते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि कई विभागों में तालमेल की कमी से हादसे के बाद जरूरी राहत और उपचार में देरी होती है। इस मामले में गत 28 जुलाई को बाराबंकी में हुए एक भीषण हादसे की चर्चा उपयोगी होगी। इसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी और 23 घायल हुए थे। ये सभी एक बस में हरियाणा और पंजाब से बिहार जा रहे थे। संबंधित ट्रांसपोर्टर की एक अन्य बस खराब हो जाने की वजह से उसकी सवारियां भी इसमें भर दी गईं। इस तरह 75 की क्षमता वाली बस में 135 यात्री भर दिए गए। आगरा में उसका टायर फट गया। गनीमत रही कि बस नहीं पलटी। फिर बाराबंकी में एक नदी के पुल पर उसका एक्सेल टूट गया। गर्मी के कारण यात्री बस के बाहर आ गए और रात में ही



सड़क किनारे आराम करने लगे। बस स्टाफ एक्सेल ठीक करने की कोशिश में लग गया, लेकिन कोई ऐसा 'संकेत' नहीं लगाया, ताकि अन्य वाहनों के चालक आगाह हो सकते। इसी समय पीछे से आ रहे ट्रक ने वहां कहर बरपा दिया। यहां राजमार्ग प्राधिकरण की भी जिम्मेदारी बनती थी। एक्सेल बनवाने में मदद मुहैया कराई जाती या फिर जब तक बस वहां खड़ी थी, तब तक गुजरते वाहनों की गति नियंत्रित की जाती। यह तभी संभव था जब हाइवे पेट्रोलिंग सतर्क होती। ठसाठस भरी बस ने करीब 10-15 टोल प्लाजा क्रास किए। किसी ने कोई पूछताछ नहीं की। मालूम पड़ा कि बस का 32 बार चालान हो चुका था, फिर परमिट क्यों नहीं निरस्त हुआ? चालक पहले भी कई बार गलतियां कर चुका था, इसके बावजूद मालिक उससे गाड़ी चलवा रहा था। आखिर परिवहन विभाग का अमला क्या कर रहा था पुलिस तो केवल आवागमन को अबाध रूप से चलाने का ही कार्य करती है या था कि 2021 में सड़क हादसों में डेढ़ लाख से अधिक लोग मरे। एक अनुमान के तहत भारत में दुनिया के मात्र एक प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन विश्व भर के सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में 11 प्रतिशत लोग भारत के होते हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने में भयानक सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें तमाम लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। तमाम घायल हो जाते हैं और उनमें से कई जीवन भर टीस देने वाली चोट के साथ जीवन बिताते हैं। कई सड़क घटनाओं में तो पूरे के पूरे परिवार ही उजड़ जाते हैं। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं। यह लापरवाही दुर्घटना के शिकार वाहन चालक या आसपास से गुजर रहे वाहनों के चालकों में से किसी की भी हो सकती है। हादसे सड़कों की खराब डिजाइन और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण भी होते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि कई विभागों में तालमेल की कमी से हादसे के बाद जरूरी राहत और उपचार में देरी होती है। इस मामले में गत 28 जुलाई को बाराबंकी में हुए एक भीषण हादसे की चर्चा उपयोगी होगी। इसमें 18 लोगऔर वह भी उसकी उच्च प्राथमिकताओं में नहीं होता, लेकिन परिवहन विभाग की तो यही प्रमुख जिम्मेदारी है। पूरा अमला और वित्तीय संसाधन हैं, परंतु कोई जवाबदेही नहीं। नियमानुसार टोल प्लाजा के दोनों ओर 40 किमी तक राजमार्ग प्राधिकरण को एंबुलेंस, पेट्रोलियम और क्रेन आदि की व्यवस्था करनी चाहिए थी। उक्त हादसे में बचाव अभियान भी चार घंटे बाद शुरू हुआ। कहने को तो परिवहन विभाग ने इंटरसेप्टर गाड़ियां लगा रखी हैं, जिनका मुख्य कार्य ही है गाड़ियों की रफ्तार नियंत्रित करना। उसे सबसे सबसे पहले मौके पर पहुंचना चाहिए था। मूल बात यह है कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण परिवहन विभाग के बूते की बात नहीं रही। यह विभाग मुख्य रूप से लाइसेंस, परमिट और कर संग्रह के उद्देश्य से बनाया गया है। मार्ग दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, बचाव अभियान और पेट्रोलिंग उसकी कार्यसंस्कृति में ही नहीं है। ऐसे में बेहतर होगा कि पुलिस में ही एक अलग शाखा बनाई जाए और उसे आवश्यक संसाधनों से लैस किया जाए। प्रत्येक प्रदेश में यातायात एवं सड़क सुरक्षा महानिदेशक का पद सृजित किया जाए और ट्रैफिक पुलिस की संख्या भी उचित अनुपात में बढ़ाई जाए। हाइवे पर ट्रैफिक पुलिस चौकियों और थानों की स्थापना भी करनी होगी। प्रस्तावित व्यवस्था में पुलिस की सड़क पेट्रोलिंग और कार्रवाई का असर बिल्कुल अलग होगा। वही हाइवे पर होने वाली दुर्घटनाओं की विवेचना, अपराधों पर अंकुश और गलत चल रही गाड़ियों का चालान करेगी। हर प्रकार की तस्करी इत्यादि को रोकने के लिए जिम्मेदार होगी। माफिया हो या खनन माफिया, सारी ढुलाई मिलीभगत से रात को ही होती है। किसी की हिम्मत उन्हें रोकने की नहीं होती। यह कार्य केवल वर्दीधारी पुलिस वाला ही कर सकता है। सड़क हादसों से होने वाली धन और जन हानि के अलावा सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि जैसे कई पहलुओं का कोई आर्थिक आकलन नहीं होता। मार्ग दुर्घटनाओं में प्रायः परिवार के सक्रिय सदस्यों की ही अकस्मात मृत्यु होती है, जो आम तौर पर परिवार का कमाऊ व्यक्ति होता है। इससे उसके परिवार की आर्थिकी ध्वस्त हो जाती है। इसका असर जीडीपी पर भी पड़ता है। लगभग तीन दशक पहले अनुमान लगाया था कि मार्ग दुर्घटनाओं से देश को प्रतिवर्ष लगभग 35 हजार करोड़ रुपये की हानि होती है। आज यह हानि दो-तीन गुना अधिक हो गई होगी।

# जलवायु परिवर्तन की आत्मघाती अनदेखी अब भी न संभले तो हो जाएगी बहुत देर

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने हाल में कहा, 'आधी मानवता बाढ़, सूखे, दावानल और प्रचंड तूफानों की गिरफ्त में है, फिर भी हम हैं कि जैव ईंधन फूंकने की अपनी लत को पाले हुए हैं। हमारे पास विकल्प है- सामूहिक प्रयास या सामूहिक आत्महत्या। चुनना हमारे हाथों में है।' ये शब्द उनकी झुंझलाहट को ही व्यक्त करते हैं। इन दिनों पाकिस्तान को छह दशकों की सबसे विनाशकारी अतिवृष्टि ने तबाह कर रखा है। भारत के कई पूर्वोत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र बारिश और बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं तमाम मैदानी इलाकों में सूखे जैसी स्थिति है। चीन में दशकों के रिकार्ड तोड़ने वाली गर्मी और कई बरसों से पड़ रहे सूखे के बाद यंग्त्से नदी सूखने लगी है। इससे पनबिजली ही नहीं, परमाणु और तापीय बिजली का उत्पादन भी गिर गया है, क्योंकि परमाणु और तापीय बिजली घरों में भी भट्टियों को ठंडा रखने के लिए नदियों और झीलों के पानी की जरूरत होती है। चीन ने सूखे की चपेट में आए अपने उत्तरी प्रांतों में पानी पहुंचाने के लिए दक्षिण के तिब्बती पठार से निकलने वाली नदियों को उत्तरी नदियों से जोड़ने का काम शुरू किया है। इसका असर भारत आने वाली ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के जलस्तर पर पड़ सकता है। पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया में कई वर्षों से पड़ रहे सूखे के कारण सदी के भीषणतम अकाल की स्थिति पैदा हो गई है। यूरोप में गत वर्ष विनाशकारी बाढ़ के बाद इस साल रिकार्डतोड़ गर्मी और सूखे के कारण जलसंकट पैदा हो गया है। डैन्यूब, राइन जैसी प्रमुख नदियों का जलस्तर इतना गिर चुका है कि कई शहरों में पीने और सिंचाई के पानी का संकट हो गया है। नदियों का जलस्तर गिरने से पनबिजली और परमाणु बिजली का उत्पादन भी कम हुआ है, जिसने यूक्रेन युद्ध से पैदा ऊर्जा के संकट को और गंभीर बना दिया है। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल, इटली जैसे देशों में अब ऊर्जा के लिए गैस और तेल पर चली आ रही निर्भरता घटाकर सौर, पवन एवं पनबिजली की ओर बढ़ने और जल संरक्षण के उपायों पर भी विचार हो रहा है। यूरोप में हरे-भरे चारागाह सूखे मैदानों में बदलने लगे हैं, जिनमें जरा सी चिंगारी से आग लग जाती है और



हजारों एकड़ जंगल जलकर राख हो जाते हैं। अमेरिका के पश्चिमी प्रांतों में भी पिछले कई वर्षों से चल रही ग्रीष्म लहर और सूखे की वजह से कोलोराडो जैसी नदियों एवं झीलों का पानी और भूजल गिरने लगा है। सिंचाई और वानिकी की वजह से रेगिस्तान से हरे-भरे बने कैलिफोनिन्या के पठारी इलाके दोबारा रेगिस्तान में बदल रहे हैं। पिछले साल कनाडा के पश्चिमी प्रांतों के कुछ शहरों में थार के मरुस्थल जितना तापमान दर्ज किया गया और सैकड़ों लोग लू लगने और दावानल फैलने से मारे गए थे। आज धरती का कोई कोना ऐसा नहीं जिसे जलवायु परिवर्तन की मार न झेलनी पड़ी हो। फिर भी जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए होने वाले सम्मेलन मामूली प्रगति को छोड़कर केवल जुबानी जमाखर्च बनकर रह जाते हैं। अमेरिका में बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद उम्मीद बंधी थी कि अमेरिका और चीन मिलकर जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए काम करना शुरू करेंगे, पर दोनों देशों ने इस मुद्दे को अपने-अपने राजनीतिक हितों की बलि चढ़ा दिया। बाइडन की अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी के ही एक सीनेटर ने उनके उस जलवायु बिल पर रोड़ा अटका दिया, जिसका वह ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में वचन देकर गए थे। उधर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का सारा ध्यान अक्टूबर में कम्युनिस्ट पार्टी महाधिवेशन पर है, जिसमें उन्हें पार्टी का आजीवन नेता चुने जाने की प्रबल संभावना है। व्यापार नीतियों, रूस-यूक्रेन युद्ध और ताइवान को लेकर अमेरिका के साथ चल रहे टकराव की पृष्ठभूमि में चिनफिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर कोई ऐसा कदम उठाने का जोखिम मोल नहीं ले सकते, जो अमेरिका के दबाव में उठाया गया प्रतीत हो। इसलिए नवंबर में मिस्र के शर्म अल-शेख में होने जा रहे जलवायु सम्मेलन में भी दुनिया की इन दो प्रदूषक महाशक्तियों से कोई बड़ी उम्मीद रखना व्यर्थ होगा। विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की रोकथाम केवल यातायात और उद्योगों से होने वाले उत्सर्जन पर अंकुश लगाकर, वनों को बचाकर और नए पेड़ लगाकर नहीं की जा सकती। लोगों को अपनी समग्र जीवनशैली में छोटे-बड़े बदलाव करने होंगे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार हमारे कुल उत्सर्जन का करीब एक तिहाई भोजन के उत्पादन से होता है। दुनिया का लगभग 23 प्रतिशत गैस उत्सर्जन अकेले पशुपालन से होता है। मांस और डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण दुनिया में मवेशियों की संख्या इंसानों से दोगुनी और मुर्गे-बत्तखों की संख्या तीन गुनी हो चुकी है। चिंता की बात यह है कि आर्थिक विकास के साथ-साथ भारत जैसे बड़ी शाकाहारी आबादी वाले देशों में भी मांस खाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। विज्ञानियों का कहना है कि सौ ग्राम गोमांस तैयार करने में 50 किलो कार्बन उत्सर्जन होता है। सौ ग्राम बकरे के मांस से 20 किलो, मुर्गी के मांस से छह किलो और अनाज से मात्र तीन किलो उत्सर्जन होता है। यदि हम अपने भोजन में मांस और डेयरी उत्पादों की मात्रा कम कर लें तो उत्सर्जन को काफी हद तक घटाया जा सकता है। असमय वृष्टि, सूखा, बाढ़, तूफान और समुद्रों के बढ़ते जलस्तर जैसी आपदाओं के लिए विकसित देशों को कठघरे में खड़ा करना और जलवायु न्याय की मांग करना अपनी जगह सही है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि बदलती जलवायु के लिए कोई और जिम्मेदार नहीं है। भारतीय शहरों की जहरीली आबोहवा के लिए अमेरिका और चीन जिम्मेदार नहीं हैं। आबोहवा इतनी जहरीली हो चुकी है कि हर साल लगभग 17 लाख लोग मरने लगे हैं। यह आंकड़ा विज्ञान पत्रिका 'लांसेट' का है, जबकि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का एक शोध कहता है कि भारत में हर तीसरी मौत वायु प्रदूषण से हो रही है। इसलिए यह हमारे हित में है कि हम आयातित तेल और गैस पर निर्भरता कम करते हुए जल्द सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा का विकल्प अपनाएं और अपना हवा-पानी साफ करें।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने की बराक ओबामा की तारीफ, व्हाइट हाउस में किया सम्मानित



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि ओबामा का कार्यकाल बेहतर था और उनके समय स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बेहतर काम किया गया। दरअसल अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पतनी मिशेल ओबामा बुधवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके आफिशियल तस्वीरों का अनावरण किया गया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनका स्वागत किया। बाइडन ने कहा, 'बराक और मिशेल, घर में आपका स्वागत है।'बाइडेन ने की ओबामा की प्रशंसा पूर्व राष्ट्रपति ओबामा के समय उपराष्ट्रपति रह चुके बाइडन ने उनके (बराक ओबामा) कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और अन्य चीजों को लेकर ओबामा नेतृत्व की प्रशंसा की। बाइडन ने कहा कि ओबामा के साथ 8 वर्षों तक कार्य करने के बाद ही वह राष्ट्रपति पद के लिए तैयार हो पाए। बाइडन ने कहा, 'उन्होंने हमेशा वही करने के बारे में सोचा, जो सही था।'ओबामा ने चित्रकार को दिया धन्यवाद ओबामा ने चित्रकार मैककर्डी को उनके काम के लिए धन्यवाद दिया। मैककर्डी नेल्सन मंडेला से लेकर दलाई लामा तक की सार्वजनिक हस्तियों के चित्रों के लिए जाने जाते हैं। ओबामा ने कहा, 'आपने (मैककर्डी) अपनी कला का उपयोग करते हुए, शानदार तस्वीर बनाई है। इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।' ओबामा की पतनी मिशेल ने कहा, 'यह चित्र हमेशा स्मरणीय है।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा यूक्रेन संघर्ष का प्रभाव यूरोप तक सीमित नहीं

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा काम्?बोज ने संयुक्त राष्ट्र में रूस और यूक्रेन युद्ध पर अपनी बात रखी। भारत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यूक्रेन संघर्ष का प्रभाव केवल यूरोप तक ही सीमित नहीं है, यह कहते हुए कि इसने विशेष रूप से विकासशील देशों में खाद्य, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा पर चिंताओं को बढ़ा दिया है। सुरक्षा परिषद को आश्वासन देते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा काम्बोज ने कहा कि नई दिल्ली यूक्रेन संघर्ष से उत्पनन्



आर्थिक कठिनाइयों को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करना जारी रखेगी।यूएनएससी ब्रीफिंग में रुचिरा काम्बोज ने कहा 'भारत इस संघर्ष से उत्पनन् होने वाली आर्थिक कठिनाइयों को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और भागीदार देशों के साथ काम करना जारी रखेगा। यूक्रेन संघर्ष का प्रभाव केवल यूरोप तक ही सीमित नहीं है।' उन्होंने आगे कहा, 'संघर्ष खाद्य, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा पर चिंताओं को बढ़ा रहा है, खासकर विकासशील देशों में। हम सभी के लिए इक्विटी, सामर्थ्य और पहुंच के महत्व को पर्याप्त रूप से समझना आवश्यक है।'रुचिरा कंबोज ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पिछले तीन महीनों में, भारत ने अफगानिस्तान, म्यांमार, सूडान और यमन सहित जरूरतमंद देशों को 1.8 मिलियन टन से अधिक गेहूं का निर्यात किया है।भारत लगातार युद्ध समाप्त करने का कर रहा आह्वान भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने यह भी कहा, कि परिषद याद रखेगी कि यूक्रेन में संघर्ष शुरू होने के बाद से, भारत लगातार शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और हिंसा को समाप्त करने का आह्वान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन में स्थिति में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ है क्योंकि परिषद ने पिछली बार यूक्रेन में संघर्ष और इसके मानवीय परिणामों पर चर्चा की थी।सुरक्षा की स्थिति गंभीर बनी हुई है, साथ ही मानवीय परिणाम भी। बुका में नागरिकों की हत्याओं की खबरें बेहद परेशान करने वाली थीं। भारत ने आशा व्यक्त की कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय मानवीय सहायता के आह्वान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देना जारी रखेगा। भारत ने हाल ही में यूक्रेन को मानवीय सहायता की अपनी बारहवीं खेप भेजी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा पर चीन को जवाब देने की तैयारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नमसाइ।** भारतीय सेना ने अनेकों 777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर को अरुणाचल प्रदेश में के करीब पहाड़ी इलाकों के करीब तैनात किया है। अरुणाचल प्रदेश में सेना अपने पक्ष को मजबूत करने में जुट गई है। इस क्रम में लद्दाख सेक्टर के अधिकतर संवेदनशील इलाकों में होवित्जर तोप को तैनात किया गया है। 30 किमी की मारक क्षमता वाली -777 को चीन के साथ लगती भारतीय सीमा पर तैनात किया गया है। पिछले साल मई के महीने से भारत और चीन के बीच सीमा पर विवाद चल रहा है। दोनों देशों के बीच अब तक अनेकों दौर की बातचीत हो चुकी है। इसके बावजूद यह विवाद पूरी तरह से हल नहीं हुआ है। बातचीत के साथ-साथ चीन ने भारत से लगी सीमा में सेना की तैनाती बढ़ाई है। ऐसे में भारत भी रक्षा तैयारियों को मजबूत कर रहा है।बता दें कि 777 होवित्जर तोप को आसानी से कभी भी चिनूक हेलिकाप्टर्स की मदद से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। 777 आर्टिलरी गन की अधिकतम रेंज 30 किमी है और बीएई सिस्टम्स द्वारा बनाई गई है। सेना को 2018 में यह मिली थी। बोफोर्स घोटाले के बाद से नई आर्टिलरी गन के लिए 30 साल के इंतजार के बाद सेना को ये तोपें मिली थीं। उल्लेखनीय है कि थ्रैंण् के संवेदनशील सेक्टर में दोनों देश के 50,000 से 60,000 सेनाओं को तैनात किया गया है।

# मैहर आज ग्राम देवरा में श्री दादू लाल कोल को ईस्ट देवी देवताओं की पूजा करने का दिया गया प्रभार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरा में श्री श्री 1008 श्री खालेश्वर ठाकुर बाबा जी महराज का पूरे देवरा गांव प्रताप है और उनकी सेवा एवं पूजा सिर्फ आदिवासी समाज के लोग ही कर सकते हैं इसीलिए भूतपूर्व से चली आ रही परंपरा के अनुसार समाजसेवी श्री दिनेश यादव जी द्वारा श्रीफल नारियल देकर चुना गया। इसमें मुख्य रूप से देवरा पंचायत के सरपंच महोदया श्रीमती आशा




में बहुत बड़ा प्रताप है कहते हैं कि यहां आज भी बिना पंचायत के अलाबा कोई चोरी नहीं हुई कभी नहीं हुई और इस देवरा पंचायत में एसटी एससी पिछड़ा वर्ग के अलावा कोई अन्य अन्य वर्ग के समाज का इस देवरा पंचायत में मकान बनाकर खुद की जमीन लेकर सुख से नहीं रह सकता श्री खालेश्वर ठाकुर बाबा जी महाराज का इतना बड़ा आज श्री ठाकुर बाबा जी महाराज के पुजारी श्री दादू लाल कोल को नवनिर्वाचित चुना। मंदिर प्रांगण में ही देवरा पंचायत के सभी ग्राम वासियों को एकत्रित कर पूर्व में सेवा दे रहे पुजारी के स्वास्थ्य खराब होने के कारण नवनिर्वाचित पुजारी श्री दादू लाल कोल को पंचायत के वरिष्ठ एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी लाल कुशवाहा जी एवं युवा कुशवाहा श्री गिरधारी लाल कुशवाहा श्री दिनेश यादव श्री राजकुमार सिंह श्री सत्यदेव सिंह श्री प्रेम लाल कुशवाहा श्री केठानी लाल कोल श्री मुनन लाल कुशवाहा श्री विनोद सिंह रामनिवास कुशवाहा सुखी लाल कोल सुंदरलाल कोल राम बहोर प्रजापति सुंदरलाल साकेत सुरेश साकेत विनोद कोल और पंचायत के अन्य वार्ड पंच एवं समस्त ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# सेक्टर 51 मे भाजपा की पशिचम उत्तर प्रदेश की बैठक हुई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम उत्तर प्रदेश की बैठक नॉएडा के सिटी प्राइड सेक्टर 51 में सम्पनन हुई। इस बैठक के पूरे पक्षिम उत्तर प्रदेश से ज़िला अध्यक्ष, ज़िला प्रभारी और क्षेत्र के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में माननीय धर्मपाल प्रदेश महामंत्री संघठन उत्तर प्रदेश रहे। साथ ही पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष मोहित बेनीवाल भी रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में होने वाले निकाय चुनाव पर आगामी योजना एवं सेवा पखवाड़ा जो 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलेगा पर कार्य योजना बनाई। मुख्य अथिति धर्मपाल ने सभी कार्यकर्ताओं को सभी ज़िला अध्यक्षों और प्रभारियों से आगामी चुनाव को ले कर चर्चा करी और उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने साथ ही सभी जिला बैठक, मंडल बैठक और वार्ड बैठक करने के लिए और हर मंडल एवं वार्ड में सभी लोगों से कैसे सम्पर्क किया जाए इस पर भी सभी से बात करी साथ ही संघठन को और मज़बूत करने पर भी ज़ोर दिया। 17 सितम्बर को आदरणीय प्रधानमंत्री




श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जो 2 अक्तूबर गाँधी जयंती तक चलाया जाएगा। जिसमें सेवा कार्य जैसे स्वच्छता, ब्लड डोनेशन, वैक्सिनेशन कैम्प, वृक्षारोपण, मरीज़ों को फल वितरण जैसे कई कार्य चलाए जाएँगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने आगामी चुनाव पर कहा कि हमारे क्षेत्र में 4 नगर निगम आते हैं जिसमें ग़ाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर हैं जहाँ हमारी रणनीति और कार्य योजना इस प्रकार रहेगी जिसके द्वारा हम सभी 4 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चहित करेंगे साथ ही सभी नगर निकाय पर भी भाजपा का क़ब्ज़ा का होगा। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद माननीय कांता कर्दम, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सेनी, सुनीता दयाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, हरीश ठाकुर, हरीओम् शर्मा, नॉएडा ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, ज़िला प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री चंदीराम यादव, डिम्पल आनंद, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, मंत्री रवि यादव, राम निवास यादव, लोकेश यादव, शिवांश श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 12 सितंबर को ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा का खाका तैयारी,पुलिस आयुक्त आलोक सिंह और जिला अधिकारी ने अधिकारियों के साथ लिया तैयारियों का जायज, लगभग 1 हजार से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे सुरक्षा में तैनात






(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** 12 सितंबर को ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट में होने वाली वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी एक्सपो मार्ट आएंगे। **48 साल बाद हो रहा है आयोजन** प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से ठीक 1 दिन पहले यानी 11 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी भी ग्रेटर नोएडा पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले सकते हैं। 48 साल बाद भारत में वर्ल्ड डेयरी समिट दूसरी बार आयोजित हो रहा है। पहली बार इसका आयोजन 1975 में हुआ था। **12 से 15 सिंतबर तक होगा आयोजन** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में 12 से 15 सितंबर तक एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन होगा। ये 15 सितंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में शिरकत करने अलग-अलग देशों के 280 डेलिगेट्स आएंगे। लगभग 1 हजार से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे सुरक्षा में तैनात प्रधानमंत्री के आगमन पर नोएडा पुलिस द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है इसके लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी प्रधानमंत्री के आगमन वाले दिन एक्सपो मार्ट के आसपास तैनात रहेंगे। निरीक्षण के दौरान हेलीपैड, पार्किंग, आगंतुकों के प्रवेश द्वार, यातायात की तैयारियां परखी गई। समिट में विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। ऐसे में सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसकी पूरी तैयारी की जा रही है। **ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी** प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर 12 सितंबर को एक्सपो मार्ट पूरी तरह से छावनी में तब्दील रहेगा। ड्रोन से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। परीचौक चौकी और आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल पर्याप्त संख्या में तैनात रहेगी। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह और जिला अधिकारी ने अधिकारियों के साथ लिया तैयारियों का जायज 12 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने कमर कस ली है। मंगलवार को पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, मंडल आयुक्त सुरेंद्र सिंह, डीएम सुहास एलवाई, संयुक्त पुलिस आयुक्त लव कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा को जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही आयोजन को सफल बनाने और सुरक्षा की दृष्टि से सभी मानकों पूरा करने का जायजा लिया। उन्होंने आयोजकों के साथ बैठक की और उनसे जानकारी जुटाई गई।

# कर्तव्य पथ' पर चोरी और नुकसान रोकने के लिए तैनात होंगे 80 निजी सुरक्षा गार्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक 'कर्तव्य पथ' के उद्घाटन के साथ पुलिस कर्मियों के अलावा 80 से अधिक निजी सुरक्षा गार्ड पूरे रास्ते पर नजर रखेंगे, ताकि चोरी और नव स्थापित गलियारे को पांच हिस्सों में विभाजित किया है - इंडिया गेट, सी हेक्सागोन से मान सिंह रोड, मान सिंह रोड से जनपथ, जनपथ से रफी ??मार्ग और रफी मार्ग से लेकर विजय चौक तक। योजना के तहत इंडिया गेट से मान सिंह रोड तक उद्यान क्षेत्र



की गई सुविधाओं के नुकसान की घटनाओं को रोका जा सके। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कर्तव्य पथ के पूरे गलियारे को पांच हिस्?से में किया गया विभाजित परियोजना की एक कार्यकारी एजेंसी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने पूरे में खाद्य सामग्री के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी।अधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र में सफाई बनाए रखना एक चुनौती होगी क्योंकि उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग पर पहुंचेंगे, जिसे राष्ट्रीय राजधानी में सबसे लोकप्रिय सार्वजनिक स्थान माना जाता है।

# सेक्टर-18 की इण्डिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस के दफ्तर में लगी आग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** के पॉश मार्किट-18 में स्थित एक बिल्डिंग में आज दोपहर आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग बिल्डिंग में स्थित इंडिया पर पहुंचे दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की वजह से बिल्डिंग के सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर कुछ लोग फंस गए थे। धुएं की वजह से फंसे हुए लोगों को



बुल्स हाउसिंग फाइनेंस के दफ्तर में लगी। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-18 में स्थित पल्स प्लाजा बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर पर स्थित इंडिया बुल्स हाउसिंग के ऑफिस में आग लग गयी। अगिन्शमन अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना निकालने में दिक्कत आ रही थी, लेकन हाईड्रोलिक लिफ्ट के जरिए सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। शुरूआती जांच मे पता चला है कि आग शॉर्ट-सर्किट से लगी है। इस घटना मे किसी प्रकार की जान हानि नहीं हुई है।

# बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना ने अजमेर दरगाह में की जियारत, पारंपरिक लोक नृत्य पर भी थिरकीं

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अजमेर (राजस्थान)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना गुरुवार को राजस्थान में उनका स्वागत करने के लिए जयपुर हवाई अड्डे पर एकत्रित स्थानीय कलाकारों के साथ थिरकीं। भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आई शेख हसीना ने आज अजमेर शरीफ दरगाह का दौरा किया मंगलवार को, पीएम मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना ने द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की, क्योंकि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में गति बनाए रखने के लिए एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया शेख हसीना की यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने सात समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए दोनों देशों के बीच अंतर-सरकारी रेलवे सहयोग को गहरा करने के लिए मंगलवार को भारत और बांग्लादेश के बीच दो समझौता ज्ञापन (एमओयूएस) पर हस्ताक्षर किए गए मंगलवार को एक विशेष ब्रीफिंग



में, भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेता दोनों देशों और पूरे क्षेत्र में सप्लाई चेन बनाने पर सहमत हुए।उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया। भारत एशिया में बांग्लादेशी उत्पादों का सबसे बड़ा बाजार है और महामारी के बावजूद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्तीय वर्ष 18 बिलियन अमेरिकी डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया 1971 के बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के दौरान भारत के समर्थन की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को भारत के साथ अपने देश के संबंधों की पुष्टि की और कहा कि यह संबंध रणनीतिक साझेदारी से बहुत आगे निकल गया है और पिछले दशक के दौरान मजबूत हुआ है।नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि बांग्लादेश ने सरकार और भारत के लोगों से दोस्ती का एक अद्वितीय संकेत देखा क्योंकि उन्हें सहानुभूति, आश्रय और संसाधन प्रदान किए गए थे। शेख हसीना ने ये टिप्पणी नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान की, जहां बांग्लादेश सरकार ने भारतीय रक्षा बलों के 200 प्रत्यक्ष वंशजों के लिए बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान छात्र छात्रवृत्ति की स्थापना की, जिन्होंने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान बलिदान दिया था या गंभीर रूप से घायल हो गए थे।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने विदेश मंत्री (इएएम), डा. एस जयशंकर की उपस्थिति में भारतीय सेना के जवानों के 10 प्रत्यक्ष वंशजों को छात्रवृत्ति प्रदान करके योजना की भी शुरुआत की।

# नोएडा स्टेडियम मे श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा भूमि पूजन हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर 21 नोएडा स्टेडियम मे आज श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के भूमि पूजन का कार्यक्रम हुआ । सनातन धर्म मंदिर के पुजारी एवं शहर के गणमान्य लोग, अतिथि, समिति के सभी सदस्यो द्वारा भूमि पूजन एवं हवन किया गया। इसके उपरांत ध्वज की पूजा करके उसे लगाया गया। इस रतनकर के निर्देशन में कयी टीवी शो कार्यक्रम हुए है। इस राम लीला मे राम का किरदार निभाने वाले शुभम कौशल ने हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से बताया कि हम हमारी बहन रूचि कौशल भी इस राम लीला मे कैकयी का किरदार निभाती है।हम भाई बहन इस राम लीला से विगत कयी बर्षी से जुड़े हुए हैं यही




ने भूमि पूजन एवं हवन विधिवत मंत्तोच्चार द्वारा कराया। पूरे पंडालों में जय श्री राम का जयकारे लग रहे थे। पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया था। इसमें सांसद डॉ महेश शर्मा एवं अनिल सिंह ,संजय वाली भूमि पूजन मे विपिन मल्हन,योगेन्द्र शर्मा, डिम्पल आनंद, संजय वाली मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बार की राम लीला बम्बई की रतनकर ड्रामेटिक आर्ट प्रोडक्शन द्वारा किया जाएगा। इसके डायरेक्टर राकेश लोग कयी बर्षी से यह राम लीला कर रहे हैं। नोएडा के लोग पसंद कर रहे हैं। इससे हमे आत्मसंतुष्टि मिलती हैं। और अपने प्रोडक्शन हाऊस पर नाज भी होता है। उन्होंने बताया कि नोएडा वासियों का प्यार है। उन्होंने बताया कि इस बार रावण गजेन्द्र सिंह, सीता मनीषा गोयल, हनुमान धर्मेन्द्र, दशरथ पंकज स्वामी, कुंभकर्ण अमित भारती मुख्य रूप से किरदार निभाऐगे।

# आलिया-रणबीर के 'महाकालेश्वर' मंदिर में पूजा न कर पाने से दुखी हैं अयान मुखर्जी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट और रणबीर कपूर आजकल अपनी फिल्म ब्रह्मास्त्र का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हालांकि उज्जैन के श्री अर्चना करना चाहते थे, लेकिन भारी विरोध के चलते उन्हें मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया। हालांकि पुलिस ने इनके आने से पहले ही मंदिर परिसर में सुरक्षा करते हुए अयान ने कहा, 'मुझे बुरा लग रहा था कि रणबीर और आलिया मेरे साथ महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए नहीं आ सके। फिल्म का मोशन पोस्टर



महाकालेश्वर मंदिर में पूजा को लेकर जो विवाद हुआ वह लगातार सुखियों में छाया हुआ है। इस कपल का सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त विरोध चल रहा है। लोग 11 साल पहले रणबीर कपूर के बीफ खाने (प्रतिबंधित मांस) को लेकर दिए गए बयान को भुला नहीं पाए हैं। हिंदू संगठन तो इसे लेकर खासे नाराज है। दरअसल, आलिया और रणबीर कपूर, 'ब्रह्मास्त्र' की रिलीज से पहले मंगलवार को फिल्म डायरेक्टर अयान मुखर्जी के साथ उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अब इस घटना को लेकर अयान मुखर्जी ने अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से उन्हें काफी दुख पहुंचा है।हाल ही में दिल्ली में अपनी फिल्म के लिए पहुंचे आलिया भट्ट,रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी ने मीडिया के सामने इसके बारे में खुलकर बात की। अयान ने कहा, आलिया की प्रेगनेंसी के कारण मैं उन्हें साथ नहीं ले जाना चाहता था लेकिन यह कपल, भगवान के दर्शन करके आरती में शामिल होना चाहता था। पूजा स्थल पर हुई घटना पर अपना दुख जाहिर रिलीज होने से पहले मैं महाकालेश्वर मंदिर गया था। मैंने खुद से वादा किया था कि मैं अपनी फिल्म की रिलीज से पहले यहां जरूर आऊंगा।आगे उन्होंने कहा,'दोनों (रणबीर और आलिया) मेरे साथ आने के इच्छुक थे। लेकिन, जब हम वहां पहुंचे और इस बारे में सुना, मुझे वहां जो हुआ उसके बारे में बुरा लगा। फिर मैंने रणबीर और आलिया से कहा कि मुझे अकेले जाने दो। मैं वहां फिल्म के लिए आशीर्वाद लेने गया था। मंदिर जाने के बाद मुझे लगा कि आलिया-रणबीर को भी यहां आना चाहिए था।

# मीरा राजपूत के बर्थडे बैश में शामिल हुए ये सितारे, शाहिद कपूर ने होस्ट की पार्टी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे खूबसूरत कपल्स में से एक हैं। भले ही इनकी शादी को 7 साल बीत चुके हो और दो बच्चों के इस कपल मीडिया में काफी पोज भी दिए। एक्ट्रेस शिवानी दांडेकर पति फरहान अख्तर के साथ मीरा की बर्थडे पार्टी में पहुंची थी। इस मौके पर दोनों कैजुअल








पेरेंट्स बन चुके लेकिन ये दोनों खुले आम अपने प्यार का इजहार करना नहीं भूलते। बुधवार को एक्टर ने अपनी वाइफ मीरा राजपूत का बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस दौरान मुंबई के रेस्टोरेंट में शानदार पार्टी ऑर्गनाइज की थी जिसमे कई फिल्मी सितारें शामिल हुए। आईए डालते हैं इस पार्टी पर एक नजर। सबसे पहले बात करते हैं बर्थडे गर्ल मीरा राजपूत की तो इस दौरान मीरा ब्लैक आउटफिट में नजर आई। इस ड्रेस में मीरा बेहद खूबसूरत लग रही थी। तो वहीं शाहिद कपूर ग्रे शर्ट और व्हाइट पैंट में नजर आए। लुक में नजर आए इस पार्टी में फेमस कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख भी नजर आए। रितेश व्हाइट शर्ट और पिंक पैंट में नजर आए। जबकि जेनेलिया कलरफुल आउटफिट में दिखीं। इस पार्टी में बॉलीवुड के फेमस डिजाइनर कुणाल रावल पतनी अर्पिता मेहता के साथ पहुंचे। बहू मीरा की बर्थडे पार्टी में सास नीलिमा अज़ीम भी नजर आई। इस मौके पर व्हाइट कलर के अनारकरी सूट में काफी जंच रही थी भाभी मीरा राजपूत की बर्थडे पार्टी में एक्टर ईशान खट्टर भी शामिल हुए।

# इटली में वेकेशन मनाती नजर आई अनन्या पांडे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की क्यूट और चुलबुली एक्ट्रेस अनन्या पांडे बीते दिनों फिल्म लाइगर में नजर आई थी। हालांकि इस फिल्म ने पर्दे पर मल्टीकलर की फ्लोरल प्रिंट वाली शॉर्ट फ्रॉक ड्रेस में बेहद हसीन लग रही हैं। साथ ही उनकी मस्ती लोगों को काफी पसंद आ रही है। किसी फोटो में एक्ट्रेस बीच किनारे नजर आ रही ब्लैक गॉगल से कंप्लीट किया है। फैंस इन तस्वीरों पर फैंस के साथ-साथ कई सेलेब्स भी अपना प्यार लुटा रहे हैं। अनन्या पांडे ने बेहद कम वक्त में इंडस्ट्री में अपनी अलग





कोई खास कमाल नहीं दिखाया है फ्लॉप साबित हुई। वहीं अब एक्ट्रेस मुंबई शहर की भीड़-भाड़ के कोसो दूर इटली के केप्री शहर में वेकेशन मनाने जा पहुंची है, जिसकी एक झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। सामने आई इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मी-टाइम एन्जॉय करती दिखाई दे रही हैं। अनन्या पांडे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर सात तस्वीरों की एक सीरीज साझा की है। इन पिक्चर्स में अनन्या है तो वहीं किसी में सीढ़ियों पर बैठ आइसक्रीम का लुत्फ उठाते नजर आ रही हैं।इन तस्वीरों के अलावा एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बिकिनी फोटोज भी शेयर की है, जिसपर फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं रही। अनन्या का सिजलिंग अवतार देख लोग अपना रिएक्शन दे रहे हैं। ये तस्वीरें सनबर्न की हैं.।सूरज की किरणों में अनन्या पांडे ने अपना हॉट अंदाज बिखेरकर गर्मी बढ़ा रही हैं, अपने लुक को एक्ट्रेस ने पहचान बनाई है। बता दें कि अनन्या पांडे ने हाल ही में फिल्म लाइगर में नजर आई थी। इस फिल्म उनकी जोड़ी साउथ एक्टर विजय देवकोंड़ा के साथ नजर आई थी। इसके अलावा अनन्या ने हाल ही में अपनी फिल्म 'खो गए हम कहां' की अनाउंसमेंट की थी। जोया अख्तर निर्मित इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी भी नजर आने वाले हैं। वहीं जल्द आयुष्मान खुराना के साथ 'ड्रीम गर्ल 2' में भी दिखाई देंगी।

# ईशान खट्टर ने फोन में बदला जाह्नवी कपूर का नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत साथ में की थी। दोनों ने साल 2018 में करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस दौरान दोनों के बीच न सिर्फ गहरी दोस्ती थी, बल्कि दोनों के अफेयर की खबरों ने भी खूब जोर पकड़ा था। ईशान खट्टर जब जाह्नवी कपूर को डेट कर रहे थे, तो उस दौरान उन्होंने जाह्नवी को निकनेम भी दिया था। वह जाह्नवी को प्यार से 'पोटैटो' बुलाते थे और यही निकनेम से उन्होंने जाह्नवी का नंबर भी फोन में सेव किया था। हालांकि अब ये नाम अब बदल चुका है और ईशान ने जाह्नवी को नया नाम दिया है। इस बात का खुलासा खुद ईशान खट्टर ने करण जौहर के शो में किया। कटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी



हाल ही में करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' 7 में खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान कटरीना कैफ ने जहां विक्की से शादी से लेकर पहली मुलाकात और लव लाइफ के राज खोले, तो वहीं ईशान खट्टर ने भी कुछ खुलासे किए। करण जौहर ने रैपिड फायर राउंड के दौरान जब ईशान से पूछा कि जाह्नवी कपूर को वह पोटैटो बुलाते थे, क्या अब भी जाह्नवी का नंबर उनके मोबाइल में उसी नाम से सेव है। इस बात का जवाब देते हुए ईशान खट्टर ने कहा, 'नहीं, अब जाह्नवी का नाम उनके फोन में 'जाह्नवी बोनी कपूर' नाम से सेव है। ईशान खट्टर की ये बात सुनते ही कटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी की हंसी छूट गई। कटरीना कैफ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर जल्द ही फिल्म 'फोन भूत' में पहली बार साथ नजर आएंगे। यह एक कॉमेडी हॉरर ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। यह फिल्म 4 नवंबर 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# खतरो के खिलाडी 1 2 के इस कंटेस्टेंट ने किया कास्टिंग काउच का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच के किस्से आए दिन सुनने को मिलते हैं। ऐसा जरूरी नहीं कि सिर्फ एक्ट्रेस ही कास्टिंग काउच का शिकार होती हैं बल्कि एक्टर भी इसका शिकार होते हैं। इसी बीच टीवी एक्टर मोहित मलिक ने अपने खुद के साथ हुए कास्टिंग काउच की घटना का खुलासा किया है। मोहित ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते बताया किया करियर की शुरूआत क्या होती है, लेकिन मैं वक्त के साथ सीख रहा था। करियर के शुरुआती दिनों में मुझे एक फिल्म मेकर्स ने अपने घर पर एक फिल्म की बात करने के लिए बुलाया था। मुझे वहां कुछ ठीक फील नहीं हो रहा था। जैसे ही उसने मेरे साथ कास्टिंग काउच करने की कोशिश की, मैं तुरंत समझ गया और वहां से फौरन भाग गया।' उस घटना को मैं आज तक नहीं भूला। आज भी मुझे वो इंसिडेंट अच्छे से याद है। इसी इंटरव्यू में मोहित ने आगे



में उन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। मुझे काम के लिए काफी धक्के खाने पड़े थे। मोहित मलिक इन दिनों खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 को लेकर काफी सुखिर्यों में बनें हुए हैं। हाल ही में मोहित ने पिंकविला को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने खुद के साथ हुए कास्टिंग काउच के बारे में खुलासा किया। मोहित ने बताया, 'करियर की शुरुआत में मुझे पता नहीं था कि एक्टिंग कहा, 'मैं शुरुआत में ये सोचता था कि मैं ये काम क्यों कर रहा हूं, पैसे के लिए या फिर फेम के लिए या फिर मुझे कुछ और चाहिए। मैंने तो जैसे तैसे कर के एक्टिंग सीख ली। लेकिन मैं अब उन लोगों से एक बात कहूंगा जो इस प्रोफेशन में आना चाहते हैं कि एक्टर बनने से पहले एक्टिंग की किसी भी तरह की प्रोफेशनल ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए। ताकि जो शुरू में मैंने झेला वो किसी न्यूकमर को न झेलनी पड़े ।

# आशा भोंसले ने लता मंगेशकर के सेक्रेटरी से की थी पहली शादी, बहन से हुई थी अनबन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**लता मंगेशकर की तरह ही उनकी छोटी बहन आशा भोंसले भी म्यूजिक की दुनिया की लीजेंड है। आशा भोसले सिर्फ एक सिंगर की लव लाइफ काफी दिलचस्प रही हैं। उन्होंने 2 शादियां की हैं। पहली शादी उन्होंने जब वह 16 साल की थी तो लता मंगेशकर के सेक्रेटरी गणपत राव से की थी, जोकि उनसे दोनों ने साथ में कई सुपरहिट गाने दिए। एक तरफ जहां आशा भोंसले की शादी शुदा लाइफ खत्म हो चुकी थी, तो वहीं आरडी बर्मन और उनकी पतनी रीटा के बीच भी अनबन चल



नहीं हैं बल्कि खुद में एक ही एक पूरा युग हैं। आशा भोंसले ने रोमांटिक से लेकर पार्टी और इमोशनल कई गाने अपनी आवाज में गाए। वह सिर्फ एक शानदार गायिका ही नहीं बल्कि एक बेहतरीन कुक भी हैं। हालांकि अपनी प्रोफेशनल लाइफ में एक के बाद एक सफलता का स्वाद चखने वालीं आशा भोसले ने अपनी निजी जिंदगी में काफी उतार चढ़ाव देखते हैं। आशा भोंसले जब सिर्फ 16 साल की थी तो उन्होंने अपने से 15 साल बड़े शख्स से शादी की थी, जिसकी वजह से बड़ी बहन और सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर से भी उनकी खूब लड़ाई हुई थी। आशा भोंसले आज अपना 89वां जन्मदिन मना रही है और आज हम आपको उनकी दिलचस्प लव स्टोरी बता रहे हैं। आशा भोंसले उम्र में काफी बड़े थे। रिपोर्ट्स की मानें तो आशा भोंसले के इस निणय्र से न तो उनकी बहन लता मंगेशकर खुश थीं और न ही उनका परिवार। आशा भोंसले को लता मंगेशकर और पूरे परिवार ने समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस वजह से लता मंगेशकर ने लम्बे समय तक आशा भोंसले से बात भी नहीं की थी। हालांकि गणपत राव से उनका रिश्ता लंबे समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। आशा भोंसले ने जहां पहली शादी अपनी उम्र से दोगुने शख्स से की थी, तो वहीं उन्होंने दूसरी शादी अपने से 6 साल छोटे मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन से की थी। आशा भोंसले और आरडी बर्मन की पहली मुलाकात 1956 में हुई थीं, उसके बाद इन रही थीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक साथ काम करते हुए आरडी बर्मन आशा भोंसले को दिल दे बैठे और उन्हें शादी के लिए भी प्रपोज किया। साल 1980 में आशा भोंसले ने 47 साल की उम्र में आरडी बर्मन से शादी की, लेकिन शादी के 14 साल के बाद ही आर डी बर्मन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। आशा भोंसले सिर्फ एक अच्छी सिंगर ही नहीं हैं, लेकिन एक अच्छी कुक और बिजनेसवुमन भी हैं। उनका खुद का फूड बिजनेस है। आशा भोंसले के दुबई, कुवैत और बर्मिंघम में लग्जरी रेस्टोरेंट है जिसका नाम वफी मॉल रेस्टोरेंट है। हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज भी आशा भोंसले के रेस्टोरेंट में भारतीय खाने का आनंद लेते हुए नजर आ चुके हैं।

# भारती सिंह-कृष्णा अभिषेक के बाद चंदन प्रभाकर ने भी छोड़ा शो, बताई ये वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** का मोस्ट पॉपुलर कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' एक बार फिर पर्दे पर वापसी कर रहा है। द कपिल शर्मा शो 10 सितंबर से शुरू हो रहा है। आए दिन इस शो के कई प्रोमो सामने भी आ रहे हैं। अच्छे दोस्त हैं। कपिल और चंदन के बीच कोई झगड़ा नहीं हुआ है। चंदन ने इस बात को जाहिर किया है कि शो छोड़ने के पीछे कोई खास कारण नहीं है। वो बस इससे ब्रेक चाहते हैं। चंदन लगातार चंदू चायवाले का किरदार निभाते-निभाते



खबरे थी कि शो में कई नए और पुराने चेहरे नजर आने वाले हैं, लेकिन एक बड़ी खबर सामने आई जिसे सुन इस शो के फैंस काफी हैरान हो रहे हैं। जी हां, कपिल शर्मा के दोस्त चंदन प्रभाकर यानी चंदू चाय वाला भी शो से बाहर हो गए हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वो शो का हिस्सा नहीं होंगे। एक्टर के इस शो से बाहर होने के बाद फैंस अटकलें लगा रहे हैं कि क्या चंदन और कपिल की कोई लड़ाई या फिर कुछ कहासुनी हुई है लेकिन खुद चंदन प्रभाकर ने इन सब खबरों पर बयान जारी किया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों बहुत थोड़े ऊब से गए हैं। इससे पहले कृष्णा अभिषेक और भारती सिंह ने भी शो से दूरी बना ली है। ऐसे में शो के नए सीजन में भारती और कृष्णा अभिषेक को ना देख उनके फैंस काफी निराश होंगे। भारती शो छोड़ने पर कहा था कि, वह पहले से ही एक शो को होस्ट कर रही हैं, जो अभी और लंबा चलेगा, जिसके कारण उन्होंने ये फैसला लिया। इतना ही नहीं उन्होंने कहा ये भी कहा था कि- मैं अब एक मां भी हूं, इसलिए मुझे हर शो में देखने की आदत ना डालें, लेकिन बीच-बीच में मैं आपको नजर आती रहूंगी। भारती की यह बात सुन जहां कुछ लोग खुश होंगे तो वहीं कुछ ऐसे भी है जो इससे थोड़े निराश होंगे।वहीं कृष्णा अभिषेक की बात करें तो रिपोर्ट में एक्टर के शो छोड़ने के पीछे की वजह एग्रीमेंट को बताया है। शो के प्रोड्यूसर्स एक्टर कृष्णा द्वारा मांगी गई फीस देने के लिए तैयार नहीं हैं और इसे ही उनके शो से अलग होने की बड़ी वजह माना जा रहा है। इस बार जहां कृष्णा अभिषेक शो का हिस्सा नहीं रहेंगे तो वहीं दूसरी तरफ शो के कुछ नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा नए सीजन में सृष्टि रोड़, सिद्धार्थ सागर समेत कई नए चेहरे नजर आएंगे।

# रणबीर कपूर का दावा, 'शमशेरा' बायकॉट की वजह से नहीं बल्कि 'इस कारण' हुई फ्लॉप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की जल्द फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज होने वाली है। इस बीच रणबीर कपूर ने एक मीडिया इंटरव्यू में कहा है कि उनकी पिछली फिल्म शमशेरा बॉक्स ऑफिस पर बायकॉट की वजह से नहीं बल्कि खराब कंटेंट की वजह से फ्लॉप हुई है रणबीर कपूर के लिए यह वर्ष काफी व्यस्त रहा है। वह लंबे समय के बाद सिनेमा के पर्दे पर वापसी कर रहे है। पिछले 4 वर्षो से उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। उनकी पिछली फिल्म शमशेरा बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर पड़ी हैत् अब उनकी जल्द फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज होने वाली है शमशेरा के नहीं चलने पर कई लोगों ने उनसे प्रशन किया कि क्या बॉलीवुड बायकॉट का जो ट्रेंड चल रहा है। इसकी वजह से इसका



प्रभाव फिल्म की कमाई पर पड़ा हैत् इस पर रणबीर कपूर ने कहा, 'मैं अपना खुद का उदाहरण दूंगात् मैं दूसरों की फिल्मों के बारे में बात नहीं करूंगा। डेढ़ महीने पहले मेरी फिल्म रिलीज हुई शमशेरा। इसे कोई नेगेटिविटी फील नहीं हुई है अगर कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा नहीं करती है तो उसका कारण एकमात्र है यह है कि दर्शकों को वह फिल्म पसंद नहीं आई है और यह सारा मामला कंटेंट से जुड़ा होता है अगर आप अच्छी फिल्में बनाएंगे और लोगों का मनोरंजन करेंगे तो लोग सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखेंगे रणबीर कपूर आगे कहते है, 'लोगों को अलग इमोशंस फील करने होते हैंत् कनेक्ट होना होता है और मनोरंजन कराना होता है अगर फिल्म अच्छा नहीं करती तो यह किसी और कारण से नहीं बल्कि कंटेंट के खराब होने के कारण होता हैत् मुझे लगता है यहीं सही जवाब है।' रणबीर कपूर की आगामी फिल्म ब्रह्मास्त्र शुक्रवार 9 सितंबर को रिलीज होगीत् इस फिल्म का बजट ?400 करोड़ है और इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।